www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

11 जनवरी 2026
हरदा, रविवार
वर्ष-15, अंक - 218, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
माघ कृष्णा पक्ष - 8
विक्रम संवत् 2082

## आज राजधानी भोपाल में 1151 ट्रैक्टरों की रैली

● सीएम करेंगे कृषि वर्ष की शुरुआत



**अनोखा तीर, भोपाल।**

11 जनवरी को एमपी सरकार और विपक्ष के दो बड़े कार्यक्रम होंगे। इंदौर में दूषित जलकांड के विरोध में कांग्रेस न्याय यात्रा का आयोजन करेगी। वहीं भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव कृषि कल्याण वर्ष 2026 की शुरुआत करेंगे। भोपाल के कोकता स्थित आरटीओ ऑफिस के करीब रविवार 11 जनवरी को प्रदेश भर से करीब 1151 ट्रैक्टरों के जरिए किसान इकट्ठे होंगे। इस ट्रेक्टर रैली को सीएम डॉ मोहन यादव हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करेंगे। मप्र की मोहन सरकार इस साल 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के तौर पर मना रही है।



भोपाल के जंबूरी मैदान पर 11 जनवरी को एक बड़ा किसान सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में सीएम डॉ मोहन यादव कृषि कल्याण वर्ष 2026 की औपचारिक शुरुआत करेंगे।

**पूरे साल भर होंगे किसानों से जुड़े कार्यक्रम-** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा है कि लक्ष्य सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार सृजन और कृषि को ग्लोबल मार्केट से जोड़ना है। इसके लिए 3 साल का रोडमैप तय कर गतिविधियां चलाई जाएंगी। खेती से जुड़े सभी विभाग कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य और ऊर्जा आपसी समन्वय से काम करेंगे।

### मशीन, तकनीक और सिंचाई पर फोकस

खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। माइक्रो इरिगेशन सिस्टम को प्रोत्साहित कर पानी की बचत के साथ उपज बढ़ाने की योजना है। किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए एग्री स्टेक और डिजिटल कृषि को जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा।

## लोकपथ 2.0 लॉन्च: यात्रा के दौरान मिलेगा ब्लैक स्पॉट अलर्ट

● सीएम बोले-पहले नारियल फोड़ने, फीता काटने के लिए जाना जाता था विभाग, अब नवाचार कर रहा पीडब्ल्यूडी

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक निर्माण विभाग के नवाचारों, डिजिटल पहल और अभियंताओं की क्षमता निर्माण पर केंद्रित राज्य स्तरीय कार्यक्रम-सह-प्रशिक्षण सत्र का रविंद्र भवन में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क दस्तावेज और लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए नवाचारों एवं सुधारात्मक प्रयासों पर आधारित पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस पुस्तिका में डिजिटल समाधान, गुणवत्ता नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, नई निर्माण तकनीक और आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों की झलक दिखाई गई है। कार्यक्रम में कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क, लोकपथ 2.0 और विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।



### प्रदेश की गति और दिशा तय करता है यह विभाग

लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग केवल सड़कें नहीं बनाता, बल्कि प्रदेश की गति और दिशा भी तय करता है। कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क प्रदेश के विकास की भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रदेश के 1700 इंजीनियरों से सुझाव लिए गए, जिनमें से 927 इंजीनियरों के सुझावों के आधार पर ही कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क तैयार किया गया। मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले 70 वर्षों में इंजीनियरों के प्रशिक्षण के लिए कोई समर्पित भवन नहीं था, लेकिन अब प्रदेश की धरती पर अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। लोकपथ 2.0 ऐप की सराहना करते हुए मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि गूगल कई जानकारियां देता है, लेकिन लोकपथ ऐप उससे भी बेहतर साबित होगा।

### एप पर ब्लैक स्पॉट से लेकर अस्पताल तक की जानकारी

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि लोकपथ एप में मार्ग में पड़ने वाले एक्सीडेंट, ब्लैक स्पॉट, अस्पताल की जानकारी रहेगी। इस कार्यक्रम में 1500 इंजीनियर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रबंधन की ट्रेनिंग लेने के लिए आए हैं। जिसको लेकर विक्रांत सिंह तोमर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। इसमें पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की जिम्मेदारी और चुनौती का फ्रेमवर्क बनाया गया है। तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि लोक कल्याण सूचकांक का प्रावधान किया गया है। हर इंजीनियर और विभाग का इंडेक्स रहेगा। विभाग के कर्मचारी से लेकर मंत्री स्तर तक एक डेशबोर्ड बनाने की भी व्यवस्था इसमें की गई है। इसके साथ कर्मचारी अधिकारी को प्रोत्साहित करने के लिए अवॉर्ड का भी प्रावधान किया गया है।

● पीएम मोदी को सोमनाथ के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिये बधाई : मुख्यमंत्री

## नीलकंठेश्वर मंदिर को भव्य बनाने के लिए करेंगे सभी आवश्यक कार्य

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा जिले के बासौदा के प्रसिद्ध उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजन-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राचीन और भव्य शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा पर दूध, दही, पंचामृत से जल अभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करने के लिये अनवरत कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे है। उज्जैन में श्री महाकाल महालोक और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ की भव्यता से संसार आलोकित हो रहा है। जनवरी 1026 में महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। वर्ष 2026 में इस आस्था और सभ्यता के महान प्रतीक पर किए गए बाबर आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे है। सोमनाथ की इसी एक हजार वर्षों की सहनशीलता, पुररूत्थान और निरंतरता को रेखांकित करने के लिये वर्ष 2026 को हम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मना रहे है। यह सनातन संस्कृति की ध्वजा को अनंत ऊँचाइयों पर स्थापित करेगा। 1000 वर्ष के उतार-चढ़ाव के बावजूद यह मंदिर आज भी अपनी भव्यता और गौरव के साथ खड़ा है। यह सोमनाथ को उसके वैभव में पुनः स्थापित करने के निरंतर एवं सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है।

## भोपाल का 'रहमान डकैत' सूरत में गिरफ्तार

### देशभर की पुलिस को 20 साल से चकमा दे रहा था, लग्जरी कार और अरबी घोड़ों का शौकीन

**अनोखा तीर, भोपाल।**

देशभर की पुलिस के लिए दो दशक से सिरदर्द बना भोपाल का कुख्यात अपराधी आबिद अली उर्फ राजू उर्फ 'रहमान डकैत' आखिरकार सूरत क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। भोपाल के कुख्यात 'ईरानी डेरा' से पूरे देश में अपराध का नेटवर्क चलाने वाला यह गैंगस्टर 14 राज्यों में सक्रिय गिरोहों का सरगना बताया जा रहा है। सूरत के लालगेट इलाके में गुप्त ऑपरेशन के तहत उसे बिना गोली चलाए गिरफ्तार किया गया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी 20 साल से नकली सीबीआई अधिकारी, साधु-बाबा के वेश में लूट, धोखाधड़ी, हिंसक वारदात और जिंदा जलाने के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा। महाराष्ट्र में उस पर मेकोका जैसे सख्त कानून के तहत भी केस दर्ज है। डीसीपी भावेश रोजिया ने बताया कि इनपुट मिला था कि भोपाल निवासी राजू ईरानी सूरत में किसी बड़ी वारदात की फिराक में आया है। इसी सूचना पर क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। आरोपी 13-14 साल से भोपाल की अमन नगर कॉलोनी में रह रहा था और छह अलग-अलग गैंग ऑपरेट कर रहा था।




### लूट के पैसों से ऐशो-आराम की जिंदगी

पुलिस के अनुसार, राजू ईरानी और उसका भाई जाकिर अली लूट के पैसों से लग्जरी कारें, महंगी स्पोर्ट्स बाइक और अरबी घोड़े पालने का शौक पूरा करते थे। इलाके में उनका रुतबा किसी 'डॉन' जैसा था।

### महिलाओं-बच्चों को ढाल बनाकर भागता था

जब भी पुलिस दबिश देने पहुंचती, गैंग घर की महिलाओं और बच्चों को आगे कर देता था और मुख्य आरोपी पीछे के रास्तों से फरार हो जाता था। दिसंबर में भोपाल पुलिस ने 150 जवानों के साथ कॉम्बिंग की थी।

## जानलेवा सर्दी, हार्टअटैक-ब्रेन स्ट्रोक से 12 दिन में 23 मौतें

● ग्वालियर में 400 मरीज पहुंचे, अस्पताल में बेड कम पड़े

**ग्वालियर (एजेंसी)।** ग्वालियर में पड़ रही कड़ाके की सर्दी अब जान पर भारी पड़ रही है। बीते 12 दिनों में हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक से 23 लोगों की मौत हो चुकी है। हालात इतने



बिगड़ गए हैं कि जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) में बेड कम पड़ गए हैं और कई मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज करना पड़ रहा है। जयारोग्य अस्पताल समूह में बीते 15 दिन में हार्ट अटैक के 308 और ब्रेन स्ट्रोक के 123 मरीज पहुंचे हैं।

### युवाओं में ज्यादा खतरा मल्टीपल ब्लॉकेज

इस साल अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों में 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोग ज्यादा हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कई युवाओं में एक से अधिक ब्लॉकेज पाए जा रहे हैं, जो पहले कम देखने को मिलते थे। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि धूम्रपान, शराब और डायबिटीज सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक के खतरे को और बढ़ा देते हैं।

**किसी भी दर्द को न करें नजरअंदाज-** कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव कवि साय के मुताबिक इस बार कम उम्र के युवाओं में भी कार्डियक अरेस्ट के केस सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दांत, छाती या पेट में असामान्य दर्द को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

## मऊगंज-कटरा मार्ग पर दो बाइकों की हुई टक्कर

**मऊगंज (एजेंसी)।** मऊगंज के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में मऊगंज-कटरा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें रीवा रेफर किया गया है। घटना शनिवार दोपहर की है।

**तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की हुई सीधी टक्कर-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा मऊगंज-कटरा मार्ग पर डिहिया गांव के पास हुआ। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की सीधी टक्कर हुई, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े।

इस हादसे में अरुण यादव (25) निवासी माड़ौ, संदीप जायसवाल (22) निवासी बहुती, राजकुमार साकेत (40) निवासी पथरौड़ा कला, उमेश यादव (45) निवासी देवतालाब और सविता जायसवाल (45) निवासी पहाड़ी, थाना शाहपुर घायल हो गए।

## मुरम भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो नाबालिगों की मौत

● मुरम खाली करने ट्रॉली पर बैठे थे, एक 15 और दूसरा 14 साल का था

**सिंगरौली (एजेंसी)।** सिंगरौली जिले के नौडिहवा चौकी क्षेत्र के गोडगवा गांव में शनिवार को मुरुम से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में दो नाबालिग लड़कों की दबकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली मुरम से लदी हुई थी और काफी तेज रफ्तार में थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के वक्त ट्रॉली में सवार 15 वर्षीय बुद्धिमान और 14 वर्षीय मक्कलू मुरुम के नीचे दब गए। मुरुम का वजन इतना ज्यादा था कि दोनों किशोरों को संभलने का मौका नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।बताया गया कि दोनों लड़के मुरम को खाली करने ट्रैक्टर पर बैठे थे।



● अधिकारियों ने रिसर्च के बजाय रईसी पर खर्च कर दिए पंचगव्य योजना के 3.5 करोड़ रुपए

## गोबर-गोमूत्र से ढूंढना था कैंसर का इलाज, हो गया 'खेला'

**अनोखा तीर, जबलपुर।**

जबलपुर में पंचगव्य योजना के तहत 3.5 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसमें अधिकारियों ने इलाज के लिए आवंटित धन का दुरुपयोग घूमने-फिरने और गाड़ियां खरीदने में किया। कलेक्टर की जांच टीम ने पाया कि योजना के लिए जारी की गई राशि का इस्तेमाल कच्चे माल की अत्यधिक कीमत पर खरीद, हवाई यात्राओं और वाहन खरीदने में किया गया। यह योजना 2011 में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य गाय के गोबर, गौमूत्र और दूध से बीमारियों पर शोध करना था। नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय को इस योजना के लिए करोड़ों रुपये दिए गए थे। योजना के तहत यशपाल साहनी, सचिन कुमार जैन, गिरिराज सिंह सहित अन्य कर्मचारियों को काम करना था। योजना की शुरुआत से ही इसमें घोटाला होना शुरू हो गया और कुछ सालों बाद इसे बंद कर दिया गया।



### किसानों को ट्रेनिंग के नाम पर भी ठगी

पंचगव्य योजना के नाम पर आए साढ़े तीन करोड़ रुपए को यहां-वहां खर्च कर दिया गया। 2011 में शुरू हुई यह योजना आखिरकार 2018 में बंद हो गई। जांच टीम ने यह भी पाया कि 2016 से लेकर 2020 तक में कई किसानों को पंचगव्य योजना के नाम पर प्रशिक्षण देने का दावा किया गया है, पर जो लिस्ट सामने आई, उसे एक सादे कागज में बना रखा था, जिसमें शुरुआत के सालों में तारीखों का उल्लेख नहीं था। 2016 में 12 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया, पर लिस्ट में तारीख नहीं लिखी थी। इसी तरह 2017 में 44 और फिर 2020 में तीन बार, यानी 18 फरवरी को 24, 29 फरवरी को 21 और मार्च 2020 में 27 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

### यूनिवर्सिटी के अन्य लोग भी हो सकते हैं शामिल

जांच टीम ने पाया कि जिस दौरान पंचगव्य योजना शुरू हुई थी, उस समय यशपाल साहनी, सचिन कुमार जैन, गिरिराज सिंह सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच में यह भी पाया गया है कि विश्वविद्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध हो सकती है। डिप्टी कलेक्टर और विनायिका लकरा की जांच रिपोर्ट कलेक्टर के माध्यम से कमिश्नर तक पहुंच गई है। नानाजी देशमुख पशु विज्ञान महाविद्यालय के कुलगुरु मनदीप शर्मा का कहना है कि पंचगव्य योजना में जो गड़बड़ी की बात कही जा रही है, यह योजना वर्ष 2011 से 2018 तक चली थी।

## फील्ड पोस्टिंग वाले जिलों में भी मजे और भोपाल में भी बंगला

● नए अफसरों को अब तक घर नहीं, पुराने छोड़ने को तैयार नहीं

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सरकारी आवासों को लेकर एक अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई है। राज्य के कई रसूखदार अधिकारी और नेता तबादला होने या पद पर न रहने के बावजूद सरकारी बंगलों का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कई अधिकारियों ने अपनी फील्ड पोस्टिंग वाले जिलों में भी बंगला ले रखा है और भोपाल में भी कब्जा जमाए हुए हैं, जबकि नियम यह कहते हैं कि तबादले के बाद अधिकतम छह महीने में आवास खाली कर देना चाहिए। नियमों की इस अनदेखी पर अब संपदा संचालनालय सख्त हो गया है। विभाग ने दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, राजगढ़ कलेक्टर महीप तेजस्वी और रत्नाकर झा सहित सात बड़े अधिकारियों और कुछ नेताओं को नोटिस थमाया है। सुधीर कुमार कोचर को दमोह गए दो साल बीत चुके हैं, लेकिन भोपाल का बंगला अब भी उनके पास है। यही हाल नेताओं का भी है; पूर्व मंत्री रामपाल सिंह चुनाव हारने के बाद भी शिवाजी नगर का बंगला खाली नहीं कर रहे हैं, तो दिवंगत भाजपा नेता प्रभात झा के परिजनों के पास भी अब तक आवास का कब्जा बरकरार है। संपदा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए आने वाले अधिकारियों के लिए आवास की भारी किल्लत हो रही है, क्योंकि पुराने लोग आसानी से जगह खाली नहीं करते।



## सार-समाचार

# शासकीय कालेज की छात्राओं को दिया ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, टिमरनी।** भाऊसाहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं को स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन छात्राओं को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक श्रीमती रजनी कुशवाहा द्वारा ब्यूटी पार्लर से संबंधित विभिन्न तकनीकों एवं सूक्ष्म बारीकियों की जानकारी दी जा रही है।






प्रशिक्षण के दौरान फेशियल, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, हेयर कटिंग, मेहंदी डिजाइन, स्किन केयर, ब्राइडल मेकअप, ब्यूटी प्रोडक्ट्स की पहचान एवं उनके सुरक्षित उपयोग के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर की स्थापना, ग्राहक प्रबंधन एवं लागत-लाभ से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान भी छात्राओं को प्रदान किया जा रहा है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुनील कुमार बौरासी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। सह प्रभारी डॉ. दीपक मालाकार ने बताया कि यह प्रशिक्षण अल्पावधि में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक है तथा छात्राओं के कौशल विकास को सशक्त करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के साथ-साथ समाज में सम्मानजनक पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संयोजक सुश्री मीनाक्षी यादव, सहसंयोजक डॉ. मनीष राजपूत एवं श्रीमती शीला खाली के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है। पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं छात्राओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए इस बार छात्राएं उत्साहपूर्वक एवं बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं, जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

### गांव की बेटी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

# बीएसएफ में हुआ कीर्ति कलम का चयन

**अनोखा तीर, टिमरनी।** समीपवर्ती ग्राम बारजा की एक आदिवासी बेटी कीर्ति कलम का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्राम बारजा निवासी भवरसिंह कलम मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी कीर्ति कलम ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। कीर्ति ने बताया कि वह ग्राम बारजा से टिमरनी तक साइकिल से आना-



जाना कर दिन-रात मेहनत करती रही। अपनी सफलता पर उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे माँ भारती की रक्षा के लिए सेवा में जा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से टिमरनी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। कीर्ति कलम के बीएसएफ में चयन होने पर टिमरनी नगर से ग्राम बारजा स्थित उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों को बधाई दी गई तथा पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपा पूर्व उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, शहजाद खान, राजेंद्र नागरे, पार्षद श्रीमती हीरा घूरे, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती ऋतू सोलंकी, पूर्व पार्षद दीपक शर्मा, गिरीश घूरे, कांग्रेस नेता राकेश काशिव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कीर्ति कलम की इस सफलता को ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया जा रहा है।

# कर्मचारियों को दिए समय पर कार्यालय आने के निर्देश

**अनोखा तीर, रहटगांव।** शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों के लेट आने के कारण आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रहटगांव के तहसील कार्यालय में भी कर्मचारियों के आने के का कोई समय निश्चित नहीं है। रहटगांव तहसीलदार ने मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन के पुराने आदेशों के तहत समय पर कार्यालय आकर सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति जारी करने के निर्देश जारी किए हैं।

## खिरकिया में एम्बुलेंस डोनेशन कार्यक्रम संपन्न





**अनोखा तीर, खिरकिया।** स्व.श्री राधाकिशन बलदुआ की स्मृति में आयोजित एम्बुलेंस डोनेशन कार्यक्रम शनिवार 10 जनवरी को श्री सत्यानारायण मंदिर परिसर, खिरकिया में गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर खिरकिया, मर्दानपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सेवा के उद्देश्य से एक एम्बुलेंस जनसेवा हेतु समर्पित की गई। यह पुण्य कार्य रामगोपाल कमलादेवी बलदुआ मुंबई एवं मनीष, आशीष बलदुआ परिवार अमेरिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ जैन, कलेक्टर हरदा रहे। उन्होंने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर सेवा के लिए रवाना किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में एम्बुलेंस एक अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनते हैं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सादगीपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से किया गया। अंत में श्री माहेश्वरी समाज, खिरकिया द्वारा अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह एम्बुलेंस अब क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों के लिए आपातकालीन सेवाओं में उपयोग की जाएगी, जिससे ग्रामीण अंचल को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।

# वनग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन का कार्य प्रगति पर

**अनोखा तीर, रहटगांव।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण घोषणा के अंतर्गत तहसील रहटगांव के 44 वनग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तित करने का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य राजस्व विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया जा रहा है। योजना के प्रारंभिक चरण में वनग्रामों की सीमा का निर्धारण शासन से प्राप्त सैटेलाइट नक्शों (आउटलाइन) के आधार पर किया जा रहा है। इसके तहत दोनों विभागों का संयुक्त दल मौके पर फील्ड भ्रमण कर ग्राम सीमाओं का सत्यापन कर रहा है तथा जहां सीमा में संशोधन आवश्यक है, उसे दर्ज किया जा रहा है। वर्तमान में वनांचल क्षेत्रों में यह कार्य तेजी से चल रहा है। वनग्रामों के राजस्व ग्राम बनने के बाद निवासियों को भूमि का मालिकाना हक (पट्टा) प्राप्त होगा, जिससे वे अपनी जमीन के वास्तविक मालिक बन सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वन विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और वे सीधे तहसीलदार या कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। वनग्रामों में अक्सर बेदखली का भय बना रहता है, जबकि राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने से निवासियों को स्थायित्व एवं सुरक्षा की भावना प्राप्त होती है। इससे उन्हें 'अतिक्रामक' नहीं, बल्कि सम्मानित नागरिक के रूप में पहचान मिलती है। जब भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो जाती है, तो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं बैंक से कृषि ऋण प्राप्त करना आसान हो जाता है। वर्तमान में स्पष्ट दस्तावेजों के अभाव में वनग्रामों में बैंक ऋण देने में संकोच करते हैं, जो राजस्व ग्राम बनने के बाद दूर हो जाएगा। राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने के साथ ही गांव मुख्यधारा की सभी विकास योजनाओं के लिए पात्र हो जाएगा। इसमें सरकारी बोरवेल, नहर, ड्रिप इरिगेशन जैसी सुविधाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में सरकार से सीधे मुआवजा मिलने का लाभ भी शामिल है। इस संबंध में रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे ने बताया कि वनग्रामों के पट्टों का मिलान किया जा रहा है। साथ ही शीघ्र ही संपूर्ण जानकारी एकत्रित कर दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को प्रकरण भेजा जाएगा।

### दो दिवसीय 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

# गुलाब की नई-नई किस्मों ने गुलाब प्रेमियों को किया आकर्षित



**अनोखा तीर, भोपाल।**

शहर के प्रसिद्ध गुलाब उद्यान में आयोजित दो दिवसीय 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रंग-बिरंगे और सुगंधित गुलाबों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया और आयोजन की सराहना की। यह प्रदर्शनी 11 जनवरी को प्रातः10 बजे से आम लोगों के लिए खुली रहेगी। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां न केवल बागवानी को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यबोध को भी बढ़ावा देती हैं। गुलाब प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में नागरिक, बागवानी प्रेमी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में देशी-विदेशी गुलाबों की आकर्षक किस्में लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम में बगिया में गुलाब और गमलों में गुलाब प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविंद दुबे ने कहा कि राजधानी के गुलाब उद्यान परिसर में प्रतिवर्ष गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन उद्यानिकी विभाग और रोज सोसायटी द्वारा किया जाता है। भोपाल शहर के गुलाब प्रेमियों को इस प्रदर्शनी में गुलाब की देशी और विदेशी किस्मों को देखने का अवसर प्राप्त होता है। राज्य सरकार द्वारा फूलों के उत्पादन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक जिले में वहां की जलवायु के अनुरूप फूलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के अध्यक्ष सुशील प्रकाश ने कहा कि रोज सोसायटी द्वारा भोपाल शहर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए रोज सोसायटी द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सोसायटी भोपाल शहर के बीएचईएल उद्यान, विधानसभा परिसर के बगीचे और मिंटो हॉल के उद्यान को गुलाब उद्यान के रूप में विकसित कर रही है। जनवरी-2028 में भोपाल में विश्व-स्तरीय गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।



### गुलाब प्रदर्शनी का समापन 11 जनवरी को

सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह 11 जनवरी को शाम 5 बजे गुलाब उद्यान परिसर में आयोजित दो दिवसीय गुलाब प्रदर्शनी के समापन समारोह में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में कट फ्लॉवर श्रेणी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले, सेमीफाइनल की तस्वीर साफ




**अनोखा तीर, टिमरनी।** अंकित 11 क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में दर्शकों को एक से बढ़कर एक रोचक मैच देखने को मिले। पहला मुकाबला पालीवाल टाइगर्स एवं सनातनी फाइटर के बीच खेला गया, जिसमें पालीवाल टाइगर्स ने जीत प्राप्त कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। दूसरा मुकाबला सोनी 11 एवं अर्थ 11 रुंडलाय के बीच हुआ, जिसमें अर्थ 11 की टीम विजयी रही। वहीं तीसरा मुकाबला जेबीआर भंवर तालाब एवं ढाका 11 शिवनी के बीच खेला गया, जिसमें शिवनी की टीम ने विजयश्री प्राप्त की। आज के मुकाबलों के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कमल पटेल रहे। इस अवसर पर राधेश्याम ड्यूटी, जगदीश बरेठा सरपंच हरदा, नीरज गर्ग, विकेश गोयल, सुनील गौर एवं पार्षद रविंद्र ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजकों एवं खिलाड़ियों की सराहना की गई।

# दो दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट-2026 आज रवीन्द्र भवन में

### देश और प्रदेश का टेलेंट देगा विकसित भारत का संदेशा

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 का आयोजन 11 एवं 12 जनवरी 2026 को रवींद्र भवन, भोपाल में होगा। यह दो दिवसीय स्टार्टअप समिट शिखर सम्मेलन देशभर के स्टार्टअप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं, एफपीओ, एमएसएमई एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े साझेदारों को एक साझा मंच पर लाएगा। समिट के माध्यम से राज्य के तेज़ी से विकसित होते स्टार्टअप इकोसिस्टम, नीति-आधारित सुधारों, निवेश अवसरों एवं प्रेरक सफलता कहानियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही नेटवर्किंग, सीखने एवं सहयोग के लिए उच्च प्रभाव वाला मंच प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। इस अवसर पर स्टार्टअप अवॉर्ड्स, एमपी स्टार्टअप इंस्पायरिंग स्टोरीज़ संकलन का विमोचन, सिंगल-क्लिक इंसेंटिव पहल तथा राष्ट्रीय संस्थानों के साथ रणनीतिक एमओयू भी संपादित किए जाएंगे।

# भोपाल निगम की गोशाला में मृत मिले 6 गोवंश

### हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन, स्लॉटर हाउस मामले में आयोग सदस्य का बड़ा बयान

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल में नगर निगम की अरवलिया स्थित गोशाला में 6 गोवंश मृत मिलने पर हिंदूवादी संगठनों ने हंगामा कर दिया। इसे लेकर संगठन पदाधिकारियों ने ईंटखेड़ी थाने में शिकायत भी की। कहा कि गायें भूख के मारे गोबर मिक्स चारा खा रही हैं। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने निगम कर्मचारियों की लापरवाही से गायों की मौत होने की बात कही है। शुक्रवार देर रात वे गोशाला पहुंचे थे। यहां मुख्य गेट पर ताला लगा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में नगर निगम के कुछ कर्मियों को बुलवाकर जब अंदर जाकर देखा तो 6 गोवंश मृत पाए गए। वहीं, 4 गंभीर बीमार स्थिति में थे। गोशाला प्रबंधन ने अंदर ही एक बड़ा गड्?ढा खोदा था। आरोप है कि इसमें मृत गोवंश को चोरी-छिपे दफनाने की तैयारी थी। विरोध करते हुए हिंदूवादी संगठनों ने सद्बुद्धि के लिए श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। तब जाकर निगम के एडीसी देर रात मौके पर पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही।

### आवेदन देकर मृत गोवंश को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा

प्रदर्शन के दौरान प्रांत सह गोशाला संपर्क प्रमुख विनोद जोहरे समेत वीर सावरकर, नितिन साहू, राजेंद्र नामदेव, रवि कुशवाह, अभिषेक शर्मा, राकेश रायकवार, गौरव मिश्रा, अभिषेक कुशवाह, कैलाश कुशवाह आदि भी मौजूद थे।

# दो दिवसीय उस्ताद रजब अली - अमानत अली खां स्मरण संगीत समारोह का हुआ समापन


**अनोखा तीर, देवास।**

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर निगम, देवास के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय उस्ताद रजब अली - अमानत अली खाँ स्मरण संगीत समारोह के दूसरे एवं अंतिम दिन 9 जनवरी को तीन संगीत सभाएं सजीं। जिनमें सुश्री वर्षा बंसीवाल, इंदौर का गायन, संगीत गुरु भरत नायक, ग्वालियर का सितार वादन एवं आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ एवं श्री अभिजीत का सरोद, सेक्सोफोन, वायलिन एवं तबला वाद्यवृंद सम्मिलित थीं। दूसरे दिवस की पहली संगीत सभा गायन के नाम रही। इंदौर की गुणी गायिका सुश्री वर्षा बंसीवाल ने अपनी साधवा और परम्परा का परिचय अपने सुमधुर गायन के साथ दिया। उन्होंने प्रस्तुति की प्रारंभ राग पूरिया धनाश्री से किया। कोमल सायंकालीन राग में उन्होंने पद्मभूषण कुमार गंधर्व की रचनाओं को प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर विवेक सिरसागर और हारमोनियम पर दीपक खसरावल ने सधी हुई संगत दी। अगली प्रस्तुति सितार वादन की रही, जिसे ग्वालियर के सुविख्यात संगीत




गुरु भरत नायक ने प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वादन के लिए राग चारूकेशी का चयन किया। प्रस्तुति का आरंभ विलंबित लय में तीनताल में निबद्ध रचना द्वारा हुआ, जिसमें राग का सधे हुए विस्तार और स्वरों की गंभीरता का सुंदर चित्रण हुआ। इसके पश्चात मध्य लय में तीनताल की रचना प्रस्तुत की गई और इसके बाद द्रुत लय में प्रभावशाली झाला ने श्रोताओं को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। अंत में उन्होंने एक पारम्परिक धुन के साथ अपने वादन का समापन किया। उनके साथ तबले पर गांधार राजहंस, इंदौर ने संगत दी।

दूसरे दिवस की सायंकालीन संध्या की अंतिम प्रस्तुति वाद्य संगीत के बहुरंगी सौंदर्य से सजी रही। मंच पर सरोद, सैक्सोफोन, वायलिन एवं तबले का सुसंयोजित वाद्यवृंद उपस्थित हुआ, जिसे आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ तथा अभिजीत ने अपनी सधी हुई संगति से साकार किया। विविध वाद्यों का यह समन्वय संगीतप्रेमियों के लिए एक विरल और सुखद अनुभूति बन गया। प्रस्तुति के लिए मधुरता और भावप्रवणता से परिपूर्ण राग जोग का चयन किया गया। आलाप, जोड़ और झाला के क्रमबद्ध विस्तार के साथ राग का स्वरूप अत्यंत सौम्यता से उभरता गया। कर्णप्रिय स्वरों ने संपूर्ण वातावरण को संगीत के जादुई आलोक से भर दिया। इसके पश्चात विलंबित रचना रूपक ताल में, मध्यलय तीन ताल में तथा द्रुत तीन ताल में प्रभावशाली झाले की तिहाई के साथ प्रस्तुति का सुंदर और सशक्त समापन हुआ।





## रामपाल सारन ने जीते दो स्वर्ण पदक, जिले का नाम किया रोशन

**अनोखा तीर, हरदा।** भोपाल में आयोजित 14वीं नेशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में गांगला निवासी खिलाड़ी रामपाल पिता मुकेश सारन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक हासिल किए। जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता 6 से 9 जनवरी तक भोपाल में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के दौरान रामपाल सारन ने 2 किलोमीटर एवं 200 मीटर रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि से उन्होंने विश्नोई समाज के साथ-साथ जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। रामपाल सारन की इस सफलता पर समाजजनों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं।

# सार-समाचार

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा में आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में युथ



रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उन्हें संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई तथा स्वस्थ रहने के बारे में बताया गया व छात्राओं द्वारा फल वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. बिछोतिया, एनएसएस प्रभारी रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, डॉ.आशा गायकवाड़ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत वन ग्रामों में सर्वे एवं जागरूकता अभियान

**अनोखा तीर, हरदा।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत टिमरनी विकासखंड के वन ग्रामों में जिला सह-समन्वयक मुकेश शर्मा एवं जन शिक्षा महेश चौरे द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान सामाजिक चेतना केंद्र मोहनपुर की ग्राम नोडल अधिकारी संगीता सोनी, नजरपुरा ग्राम की नोडल अधिकारी पुष्य जगनबार, ग्राम चंद्रखाल के नोडल अधिकारी सूरज भलावी, ग्राम कुमरूम के नोडल अधिकारी बाबूलाल सोलकी तथा कायदा ग्राम के नोडल अधिकारी धनकुमार चोरिया उपस्थित मिले। भ्रमण के



दौरान सभी ग्रामों में असाक्षरों के चिन्हांकन हेतु सर्वे कार्य का अवलोकन किया गया तथा सामाजिक चेतना केंद्र एवं अध्ययन केंद्रों की स्थिति देखी गई। साथ ही ग्रामवासियों से संपर्क कर उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया गया और साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। चंद्रखाल हाई स्कूल एवं कायदा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों की पहचान की प्रक्रिया समझाई गई। बताया गया कि जिन्होंने बुनियादी साक्षरता, अर्थात कक्षा पहली से तीसरी स्तर की पढ़ना, लिखना एवं जोड़-घटाना जैसी किसी भी दक्षता को प्राप्त नहीं किया है, उन्हें असाक्षर माना जाएगा। वहीं जिनके पास यह दक्षताएं तो हैं, लेकिन साक्षर होने का कोई प्रमाण नहीं है, उन्हें भी असाक्षर की श्रेणी में रखा जाएगा। छात्र-छात्राओं को अपने परिवार में दादा-दादी, काका-काकी एवं अन्य सदस्यों की पहचान कर उन्हें चिन्हांकित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें अक्षर साथी के रूप में स्वयं ऐप पर पंजीयन कर चिन्हांकित असाक्षरों का पंजीयन एवं अध्ययन कराने की जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि किसी सदस्य को साक्षर किया जाता है, तो उसका ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं में यह विश्वास दिलाया गया कि सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे और अपने परिवार एवं समाज को साक्षर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ साफ-सफाई कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, न्यायालयीन कर्मचारियों, पैरालीगल वॉलेंटियर्स के



द्वारा भागीदारी की जाकर न्यायालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री रघुवंशी द्वारा उपस्थित गणमान्यजन से न्यायालय परिसर एवं अपने कार्य स्थल को साफ सुधरा रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री जयदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर चौधरी, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निसार अहमद खान, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, एस.के. भदकारिया, प्रेमदीप शाह, संजीव राहंगडाले, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी काजल सिंह पटेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पेयजल की शुद्धता की जांच के लिए 181 पर शिकायत करें

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन आमजन से अपील की है कि वे शुद्ध पेयजल का ही उपयोग करें। किसी भी स्थान पर पेयजल की अशुद्धता पाई जाती है, तो इसकी जांच के लिए 181 टोल फ्री नंबर पर शिकायत करें। शनिवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों की आयोजित मीटिंग में उन्होंने निर्देश दिए की पेयजल की पाइपलाइन एवं सीवर लाइन की गूगल ऐप से मैपिंग की जाए। जिन स्थानों पर सीवर लाइन एवं पेयजल की पाइपलाइन समानांतर हैं उनको अलग करने के प्रस्ताव तैयार किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में पेयजल से संबंधित जो शिकायत लंबित हैं। उनका तत्काल निराकरण हो। प्रत्येक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में पानी की टेस्टिंग की किट उपलब्ध रहे। जिले में कहीं भी दूषित पेयजल आपूर्ति की स्थिति ना बने, सभी स्थानों पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव





**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के एकमात्र आई.सी.एस.सी. पाठ्यक्रम वाले विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में संस्था द्वारा छठवां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी.एस. शुक्ला, सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय हरदा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में भुआणा प्रांतीय गुर्जर महासभा के अध्यक्ष डॉ. आर.के. दुगाया तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता एच.एन. गुर्जर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के डायरेक्टर कुणाल दोगने ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रमों में महाभारत, रामायण प्रसंग, देशभक्ति तथा भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की थीम पर आधारित प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। संस्था के संस्थापक एवं हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने अपने संबोधन में बच्चों को अच्छी बातों को अपनाने, लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ने तथा माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्राचार्य वर्गिस एलियास ने कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों एवं पालकगणों के प्रति संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया।

# कलश यात्रा निकाली


### -विराट हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन

**अनोखा तीर, सिराली।**

नगर में शनिवार को श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण के बीच विराट हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साई मंदिर से निकाली गई पारंपरिक कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं, बालिकाओं, युवाओं एवं पुरुषों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का परिचय दिया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मकड़ाई गार्डन परिसर पहुंची, जहां सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यात्रा के दौरान जय श्रीराम के उद्घोषों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। गार्डन परिसर में आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने सनातन संस्कृति की महत्ता, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों तथा नैतिक आचरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज में एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं और आयोजन अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। सम्मेलन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समापन अवसर पर शांति, सद्भाव एवं राष्ट्र की उन्नति की कामना के साथ सामूहिक भारत माता की आरती, भजन एवं प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन भव्य एवं सफल रहा। उक्त आयोजन हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, सकल हिंदू समाज एवं समस्त नगरवासी हिंदू परिवार, सिराली के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।





## जिला कांग्रेस ने नगर में की चौपाल चर्चा, जनसमस्याओं पर हुआ संवाद

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस कमेटी हरदा के अध्यक्ष मोहन सांई ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास के साथ वार्ड 13 एवं 14 में पहुंचकर चौपाल चर्चा के माध्यम से वार्डवासियों की जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान वार्डवासियों ने जिलाध्यक्ष मोहन साईं को दूषित पेयजल, वार्ड में गंदगी एवं नालियों की सफाई न होने जैसी समस्याओं से अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जलभराव की स्थिति बन रही है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना था कि वार्ड में साफ-सफाई पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने बताया कि हरदा नगर के अनेक वार्डों में पेयजल दूषित है और नालियों की सफाई



न होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि घंटाघर क्षेत्र में वाहन पार्किंग के कारण फुटकर व्यापारी एवं स्ट्रीट वेंडर अपनी दुकानें नहीं लगा पा रहे हैं, जिससे छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। मोहन साईं ने कहा कि नगरवासियों के स्वास्थ्य एवं आजीविका से जुड़ी इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी 13 जनवरी को मुक्तिधाम से नगर पालिका कार्यालय तक पैदल मार्च कर नगर पालिका का घेराव करेगी। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास, नपा नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, पूर्व पार्षद मुन्ना पटेल, पार्षद संजय दीसोरे, कल्लू भाई घोड़ी वाले, मुश्ताक खान, सादिक खान, नवीन गौर, कपिल, राकेश कनक, तरुण पवार, पियूष, करण, शिवनारायण मोरे, मोहन पवार, मो. शकील, मो. असलम लाला, फिरोज, शेख जमील सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

श्री गिरिराजजी वेयर हाउसिंग प्रा.लि. उड़ा (हरदा) जयप्रकाश नारायण राठी पिता गट्टूलाल जी राठी ग्राम महेन्द्रगांव की माल गोदाम रसीद क्रमांक 3352 एवं 3353 है जिसकी रसीद गुम हो गई है जिस व्यक्ति को मिले इस नम्बर पर संपर्क करें।

**मो. 9425042224**

### कमल युवा खेल महोत्सव...

# इंपीरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया टेमरे ने दिलाया जिले को गौरव

**अनोखा तीर, खिरकिया।** जिले में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी कमल युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें इंपीरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया टेमरे, पिता ओमप्रकाश टेमरे ने 200 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उन्होंने खेल शिक्षक विकास सोलंकी के मार्गदर्शन में हासिल की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत खेल मंत्री विश्वाश सारण द्वारा रिया टेमरे को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया। विद्यालय स्तर पर भी इस सफलता का सम्मान किया गया, जहां स्कूल के प्राचार्य नितिन जाधव एवं बंदना इरलावत द्वारा छात्रा को मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिरकिया राजपूत शिक्षण एवं सामाजिक विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण राजपूत, प्रमोद जरखड़िया, डॉ. अखिलेश राजपूत, शंकर सिंह पटेल, बद्री प्रसाद पटेल, मूरत सिंह तोमर, विपत सिंह, गणेश सिंह, राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने रिया टेमरे को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।



### गरीब व वंचित लोगों को वितरित किए गर्म कपड़े व कंबल

# कानून के बारे में किया जागरूक



**अनोखा तीर, हरदा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा शुक्रवार को आंगनवाडी केन्द्र क्रं. 70 वार्ड 34 हरदाखुर्द में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने उपस्थितजन को महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, सालसा व नालसा की योजनाओं पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन) योजना 2015 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उददेश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो तक उनके मूल अधिकारों की पंहुच को सुनिश्चित करना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब बच्चों एवं बुजूर्गों को बिस्किट, गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण किया गया। शिविर में महिलाएं, बच्चें तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स ज्योति तिवारी, कंचन लुनिया उपस्थित रहे।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## संपादकीय

# किराया बढ़ा, शिकायतें भी बढ़ीं...

भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है।

गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और



इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 13,406 और नवंबर में 13,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 33,804 और नवंबर में 36,673 हो गईं।

हाल में सरकार ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं का किराया बढ़ाने की घोषणा की थी। हालांकि यह वृद्धि देखने में मामूली लगती है, लेकिन देश भर में प्रतिदिन रेल में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या की लिहाज से देखें, तो सरकार को हर साल इससे करोड़ों रुपए की कमाई होगी। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही है? अगर ऐसा नहीं है, तो यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है।

रेल मदद पोर्टल पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंत्रालय ने हाल में सभी मंडलों के अधिकारियों को पत्र भेज कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कड़ाई से अमल होगा या फिर महज खानापूर्ति का ही प्रयास किया जाएगा, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि जब तक रेलगाड़ियों में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर व्यापक निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद करना व्यर्थ है।

## जीवन संगीत है...



जीवन एक संगीत है,
इसमें ही सात स्वरों की तान है।
सदा इसी में मोज़ लिया करो,
इसी में जीवन की पहचान है।

संगीत मनमोहक होता है,
अंतर्मन को हर लेता है।
मीठी वाणी के सुरों से,
जीवन में सुख भर देता है।

संगीत में सात स्वर समाहित हैं,
इन्हीं में जीवन का आनंद है।
सुर कभी अलग नहीं होते,
जैसे ढोल और मंजीरा संग हैं।

जैसे जीवन में सुख-दुख साथी हों,
जैसे मोती और हीरा हों।
काम, क्रोध और मोह से दूर रहो,
वरना संगीत सूना हो जाता है।

जब मानव संगीत के स्वर सुन लेता है,
तो जीवन दूना हो जाता है।
यह कानों से नहीं सुनाई देता,
यह तो अंतरात्मा गुनगुनाती है।

दुनिया के मोह-माया के नातों में,
कितने ही जीवन यूँ ही बीत गए।
खाया-पिया, पर जी न पाए,
बिन संगीत सुने, आते-जातें रहे।

जिसने संगीत का आनंद ले लिया,
मोज़-मस्ती से जीवन जी लिया।
जीवन एक संगीत है,
इसमें ही सात स्वरों की तान है।

सदा इसी में मोज़ लिया करो,
इसी में जीवन की शान है।

**- गोविन्द सूचिक**
**अदनासा, जिला हरदा**
**नर्मदापुरम संभाग, मध्यप्रदेश**



(बाल कविता)

## घना है कोहरा

धुंध की चादर ने डाल रखा है डेरा,
कड़ाके की ठंडी और घना है कोहरा,
हाथ को हाथ भी नहीं दिखता है यहाँ,
सूरज दादा तुम हो कहाँ बताओ ज़रा ।

इस सर्द मौसम ने बड़ा ही है सताया,
ऊपर से बारिश ने तापमान गिराया,
हवा भी चल रही जोर-शोर से यहाँ,
ठंडे बर्फीले पानी ने डर और बढ़ाया ।

कुछ तो रखो छोटे बच्चों का ख्याल,
लाल-लाल हो गए हैं हमारे तो गाल,
गुलाबी होंठ भी हुए रूखे हमारे यहाँ,
शुष्क मौसम ने कैसी चली है चाल ।

सूरज दादा आओ न बीत गई रात,
पेड़ों से झर रहे हैं पीले-पीले पात,
चाहिए हमें आनंद गर्माहट यहाँ,
सुन लो हमारी भी थोड़ी सी बात ।

**- मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु**

# भारत संघ! क्या 'संघवाद' खतरे में है?

## -ममता बनर्जी! क्या 'हेमंत सोरेन' या 'केजरीवाल' बनने जा रही हैं?



-राजीव खंडेलवाल
(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, बैतूल नगर सुधार न्यास)

### ''एक छापा, प्रश्न अनेक।''

8 जनवरी 2026 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े चुनावी रणनीतिकार संगठन ''आई-पैक'' (इंडियन पॉलीटिकल एक्शन कमेटी) के कोलकाता स्थित कार्यालय, निदेशक एवं सह-संस्थापक प्रतीक जैन (संस्थापक प्रशांत किशोर) के आवास सहित कुल 10 परिसरों (जिनमें दिल्ली के 4 परिसर भी शामिल हैं) पर एक साथ छापेमारी की गई। क्या मात्र इस आधार पर कि आरोपित कंपनी किसी राजनीतिक दल के लिए ''सलाहकार कंपनी'' के रूप में काम कर रही थी, पर पड़े छापे को ''राजनीतिक प्रतिशोध की संज्ञा'' दी सकती है? जबकि वास्तव में यह कार्रवाई तथाकथित 1352 करोड़ रुपए के कोयला तस्करी घोटाले से जुड़े प्रतीक जैन के लगभग 10-12 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की गई बतलाई जाती है। जवाब में ममता ने अमित शाह के विरूद्ध तथाकथित कोयला घोटाले के जहां जबकि वे छापे के तुरंत बाद प्रधानमंत्री से अमित शाह को नियंत्रण में रखने की बात कह रही थी। पैसे लेने के सबूत की कथित पेन ड्राइव होने के बावजूद जारी न करना ममता के ''तेवर'' से मेल नहीं खाता है। इसका साफ मतलब पेन ड्राइव की ''वास्तविकता'' ही कोसो दूर है। अचानक पड़े ईडी के छापे के दौरान पश्चिम बंगाल की शेरनी कही जाने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं कोलकाता पुलिस आयुक्त के साथ छापा स्थलों पर जिस तत्परता से पहुंचकर वहां से एक हरी फाइल, हार्ड डिस्क, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज ''जबरन'' अपने साथ ले गईं। गोया कि ''तुम्हारा शहर, तुम ही कातिल, तुम ही मुद्दई, तुम ही मुंसिफ ....... ''।

### ''घटना का परिणाम?''

हाल के वर्षों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के दो अलग-अलग राजनीतिक परिणाम देश देख चुका है। एक, अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध विधानसभा चुनाव से लगभग 65 दिन पूर्व कार्रवाई, गिरफ्तारी, जेल से शासन चलाने का केजरीवाल का ''हथेली पर सरसों जमाने जैसा'' अभूतपूर्व, दुस्साहसिक एवं अनैतिक प्रयोग।

दूसरा हेमंत सोरेन के विरूद्ध चुनाव से लगभग 290 दिन पूर्व कार्रवाई, परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा। स्पष्ट है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में ममता के विरुद्ध भी आपराधिक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। तब ममता बनर्जी-कौन-सा रास्ता चुनेगी?

''**राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और न्यायिक मोर्चा**''- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतीक जैन को टीएमसी के ''आईटी सेल'' का प्रमुख बतलाते हुए ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया। वहीं ईडी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा ''जबरन'' दस्तावेज हटाना जांच में ''बाधा'' है। इसी आधार पर ईडी ने कोलकाता उच्च न्यायालय का रुख किया। दूसरी ओर, टीएमसी ने भी छापेमारी को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। प्रतीक जैन के परिजनों ने भी ईडी की छापा कार्रवाई के दौरान कीमती सामान की चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिस प्रकार एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, उसी प्रकार इस घटना के भी स्पष्ट रूप से निम्न दो पहलू है। टीएमसी जहां इसे बीजेपी-नीति केंद्र द्वारा लक्षित उत्पीड़न के रूप में देख रही है, वहीं अन्य इसे वित्तीय अनियमितताओं की वैध जांच के रूप में देखते हैं। पूरा घटनाक्रम देश में एक बड़े राजनीतिक, संवैधानिक मर्यादा, संघीय ढांचे और लोकतांत्रिक संतुलन का विवाद का रूप ले चुका है। इस पर राजनीतिक जोड़-घटाना किए बिना गंभीरता से मनन किया जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

### अभूतपूर्व चिंताजनक घटना

स्वतंत्र भारत के इतिहास की संभवतः यह पहली ऐसी अवांछित घटना है, जहां किसी राज्य की निर्वाचित मुख्यमंत्री स्वयं केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी के दौरान मौके पर पहुंचकर दस्तावेज ले जाकर जांच में बाधा डालते दिखाई दी



हों, और जांच एजेंसी को ''अरध तजहिं बुध सरबस जाता'' की तर्ज पर ''आंसू पीकर बेबस रह जाना'' पड़ा हो। यह घटना ''भारत संघ'' जो ''राज्यों के संघ'' से मिलकर बना है, की अनेकता में एकता की भावना पर गहरा आघात होकर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यह केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी संकट का संकेत भी है। जिससे ''पार पाना तलवार की धार पर चलने जैसा'' है।

''**संवैधानिक पद पर असंवैधानिक आचरण**''- ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद पर आसीन हैं। ईडी की कार्रवाई में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप व बाधा निश्चित रूप से भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। यदि ममता को आशंका थी कि ईडी के माध्यम से भाजपा द्वारा तथाकथित दस्तावेजों का दुरुपयोग होगा, तो संवैधानिक मर्यादा की रक्षा हेतु या तो वे पद से मुक्त होकर उक्त कार्य करती अथवा ''गांधारी'' होकर ''दुर्योधन'' को उक्त दस्तावेज लाने भेजती, ताकि संवैधानिक मुख्यमंत्री पद की मर्यादा बनी रहती। तथापि सड़क पर संघर्ष कर विरोध प्रकट करना ममता का संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार है।

### ''ईडी की साखः कठघरे में?''

1956 में प्रवर्तन निदेशालय की स्थापना हुई, किंतु मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम 2002 और संशोधित अधिनियम 2005 के लागू होने के बाद से वर्ष 2014 से इसके प्रयोग में तीव्रता आई। तब से ''सीबीआई'' से ज्यादा ''खौफ'' ''ईडी'' का हो गया है। यह सीबीआई वही है, जिसे गैर भाजपा शासित 11 राज्यों की सरकारों ने भिन्न-भिन्न समयों पर अपने-अपने प्रदेशों में प्रवेश पर रोक लगा दी थी। यही नहीं, इसी सीबीआई के बावत उच्चतम न्यायालय ने ''यूपीए'' (2013 में) से लेकर ''एनडीए'' (2024 में) सरकार तक में उसे ''पिंजरे का तोता'' कह दिया था, यानी कि ''लोग मशहूर हो गए इन्हें शर्मसार करते करते''। तब जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा कई बार डंडा चलाये जाने के बावजूद केंद्रीय एजेंसियो की कार्य कुशलता में अपेक्षित सुधार न होने, और ''दर्द का हद से गुजरना है दवा हो जाना'' वाली स्थिति में क्या भविष्य में विपक्ष को ममता बनर्जी जैसे कदम उठाकर जांच एजेंसियों का सामना करना होगा? जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगा? यह उल्लेखनीय है कि 2015 से अब तक 5892 मामलों में केवल 15 दोषसिद्धियां हुई हैं। अगस्त 2025 में उच्चतम न्यायालय ने ईडी की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए उसे अर्थात धोखेबाज अपराधी जैसे व्यवहार से बाज आने की चेतावनी इस आधार पर दी थी कि 2015 से अब तक ''पीएमएलए'' के तहत 5892 मामलों में केवल 15 दो दोष सिद्धियां अर्थात मात्र 0.5 प्रतिशत हुई थी। 2014-2024 के बीच हुए 7264 छापों में केवल 3 प्रतिशत मामले राजनेताओं से जुड़े हैं, जिनमें लगभग 98 प्रतिशत विपक्षी दलों से संबंधित हैं।

### ''छापे की कारवाई का समयः सबसे बड़ा प्रश्न''?

यहां सवाल ईडी के ''अधिकार'' या ''क्षेत्राधिकार'' का नहीं, बल्कि अधिकार के उपयोग उर्फ ''अलादीन के चिराग में से जिन्न को बाहर निकालने'' के ''समय'' को लेकर है, जो ''अनुत्तरित'' है। वर्ष 2020 में दर्ज प्राथमिकी पर पांच वर्षों तक कोई कार्रवाई नहीं? और चुनाव से मात्र तीन महीने पहले सो कर उठकर ''आकाश पाताल एक करने की'' आवश्यकता क्यों? तथा छापेमारी चुनाव के तीन महीनों बाद करने पर क्या ''कारवां गुजर चुका होगा''?

### क्या यह महज संयोग है या प्रयोग?

यह तर्क कि देश में कहीं न कहीं चुनाव चलते ही रहते हैं ''आंख में धूल झोंकने वाला है''। यह एक तकनीकी बहाना मात्र है। यह तो ''नानी के आगे ननिहाल की बात करने जैसा'' है। क्योंकि व्यवहार में छापे प्रायः विपक्ष-शासित राज्यों में, नेताओं पर ही है अथवा भाजपा शासित राज्यों में विपक्षी नेताओं पर ही देखे गए हैं। ''कानून अपना काम कर रहा है'', यह एक ''तकिया कलाम'' बन गया है। यह भी कहा जाता है, यदि आप ईमानदार है, तो छापे से क्यों डर रहे हैं? ये सब ''तकनीकी बातें सुनने में अच्छी है। परन्तु शाब्दिक अर्थ व यथार्थ'' (धरातल की वास्तविकता) में कितना गैप (अंतर) है? यह अंतर ही ईडी के आशय, दुराशय, सदाशय पर प्रश्न पैदा कर रहा है। ''दामन पे कोई छींट ना खंजर पे कोई दाग, तुम कत्ल करो हो कि करामात करो हो''।

''**जांच पर नहीं, जांच की मंशा व निष्पक्षता पर प्रश्न**''?- प्रश्न यह नहीं कि जांच हो रही है, बल्कि जांच कैसे, क्यों व किस तरह हो रही है? क्या घोषित उद्देश्य (जो प्रायः बनावटी ही होता है) की आड़ में कोई अघोषित राजनैतिक उद्देश्य छिपा है? यही वह ''परसेप्शन'' है, जो केंद्रीय एजेंसियों की गलत कार्यशैली के कारण जनमानस में गहराते जा रहा है।

### महाभारत का प्रसंगः-

अश्वत्थामा हतः इति नरो वा कुंजरो वा-
सच कहने का आभास, पर पूरा सच नहीं।
किसी आज जांच एजेंसियों की स्थिति भी कुछ ऐसी ही प्रतीत होती है।
'निष्कर्ष- संघवाद की कसौटी''

यह स्थिति लोकतंत्र और संघवाद-दोनों के लिए शुभ संकेत नहीं है। कहीं यह टकराव राष्ट्रपति शासन की ''आशंका'' को तो बलवती नहीं बनाता है? अतः आज आवश्यकता है आत्ममंथन की, अन्यथा फिर पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। भविष्य क्या होगा, यह आज के निर्णय तय करेंगे।

# घर में नहीं दाने, मोहम्मद यूनुस चले जेएफ17 थंडर फाइटर जेट खरीद कर लाने

सबसे पहले सामरिक दृष्टि से देखें तो जेएफ-17 चीन और पाकिस्तान की संयुक्त रणनीतिक सोच का उत्पाद है। यह विमान तकनीकी रूप से भले ही मध्यम श्रेणी का हो, लेकिन इसका राजनीतिक वजन कहीं ज्यादा है। पाकिस्तान इसे भारत के खिलाफ अपनी क्षमता के प्रतीक के रूप में पेश करता रहा है। ऐसे में बांग्लादेश द्वारा इस विमान में रुचि दिखाना सीधे तौर पर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में नई रेखाएं खींचने जैसा है। भारत की पूर्वी सीमाओं के पास पाकिस्तान से जुड़ा कोई भी रक्षा सहयोग स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है।

**नीरज कुमार दुबे**

दक्षिण एशिया के सामरिक परिदृश्य में एक नई हलचल तब देखने को मिली जब पाकिस्तान ने दावा किया कि बांग्लादेश उसके साथ जेएफ-17 थंडर लड़ाकू विमान की खरीद में रुचि दिखा रहा है। हम आपको बता दें कि यह जानकारी पाकिस्तान और बांग्लादेश के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद सामने आई। इस बैठक में दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और वायुसेना की क्षमताओं को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। पाकिस्तान की ओर से यह भी कहा गया कि बातचीत के दौरान जेएफ-17 जैसे बहु भूमिका वाले लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री पर गंभीर विचार हुआ। हम आपको बता दें कि जेएफ-17 थंडर एक हल्का, अपेक्षाकृत सस्ता और बहु उद्देश्यीय लड़ाकू विमान माना जाता है, जिसे पाकिस्तान और चीन ने मिलकर विकसित किया है। पाकिस्तान इसे लंबे समय से अपनी वायुसेना की रीढ़ के रूप में पेश करता रहा है। हालांकि बांग्लादेश की ओर से अब तक इस प्रस्ताव पर कोई औपचारिक बयान नहीं आया है, लेकिन पाकिस्तान का यह दावा ही क्षेत्रीय राजनीति और सुरक्षा विश्लेषकों के लिए काफी है। इसी बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच वर्षों से



बंद सीधी हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने पर भी सहमति बनी, जिसे आपसी संबंधों में नई गर्माहट के रूप में देखा जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है जब बांग्लादेश की आंतरिक आर्थिक स्थिति दबाव में है और क्षेत्रीय स्तर पर शक्ति संतुलन लगातार बदल रहा है।

देखा जाये तो बांग्लादेश का पाकिस्तान से जेएफ-17 लड़ाकू विमान खरीदने में रुचि दिखाना केवल एक रक्षा सौदे की खबर नहीं है, यह एक तेज और साफ संदेश है। यह संदेश है कि ढाका अब नए विकल्पों की ओर बढ़ने को तैयार है। सवाल यह नहीं है कि जेएफ-17 कितना सक्षम या सस्ता विमान है, असली सवाल यह है कि बांग्लादेश यह कदम क्यों उठा रहा है और इसके पीछे की मंशा क्या है।

सबसे पहले सामरिक दृष्टि से देखें तो जेएफ-17 चीन और पाकिस्तान की संयुक्त रणनीतिक सोच का उत्पाद है। यह विमान तकनीकी रूप से भले ही मध्यम श्रेणी का हो, लेकिन इसका राजनीतिक वजन कहीं ज्यादा है। पाकिस्तान इसे भारत के खिलाफ अपनी क्षमता के प्रतीक के रूप में पेश करता रहा है। ऐसे में बांग्लादेश द्वारा इस विमान में रुचि दिखाना सीधे तौर पर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में नई रेखाएं खींचने जैसा है। भारत की पूर्वी सीमाओं के पास पाकिस्तान से जुड़ा कोई भी रक्षा सहयोग स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है।

अब इससे भी बड़ा और चौंकाने वाला पहलू है बांग्लादेश की आर्थिक हालत। देश इस समय गंभीर आर्थिक दबावों से जूझ रहा है। महंगाई, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव, आयात खर्च और आम जनता की क्रय शक्ति में गिरावट जैसी समस्याएं साफ दिखाई दे रही हैं। ऐसे माहौल में लड़ाकू विमानों की खरीद कोई मामूली खर्च नहीं है। यह अरबों रुपये की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता होती है, जिसमें रखरखाव, प्रशिक्षण और भविष्य के उन्नयन का बोझ भी जुड़ा रहता है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब देश की अर्थव्यवस्था सांसें गिन रही हो, तब आसमान में उड़ने वाले विमानों पर इतना भारी दांव क्यों लगाया जा रहा है?

देखा जाये तो इस सवाल का जवाब राजनीति और संदेश में छिपा है। पाकिस्तान से हथियार खरीदना केवल तकनीकी फैसला नहीं, बल्कि एक राजनीतिक कदम है। 1971 की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पाकिस्तान और बांग्लादेश के संबंध कभी सहज नहीं रहे। अब अचानक रक्षा सहयोग, सीधी हवाई सेवाएं और सैन्य बातचीत यह संकेत देती है कि ढाका पुराने अध्यायों को पीछे छोड़कर नए समीकरण गढ़ना चाहता है। लेकिन यह समीकरण किसके खिलाफ और किसके लिए है, यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत के संदर्भ में यह घटनाक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारत और बांग्लादेश के संबंध हाल के वर्षों में कभी सहयोग तो कभी तनाव के दौर से गुजरे हैं। सीमा, जल बंटवारा और राजनीतिक बयानबाजी ने रिश्तों को जटिल बनाया है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश का बढ़ता रक्षा संवाद नई रणनीतिक चुनौती के रूप में उभर सकता है। यह केवल सैन्य संतुलन की बात नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय भरोसे की भी परीक्षा है।

यह भी गौर करने लायक है कि चीन इस पूरी तस्वीर में खामोश लेकिन मजबूत भूमिका निभा रहा है। जेएफ-17 के जरिए चीन अप्रत्यक्ष रूप से बांग्लादेश की रक्षा व्यवस्था में अपनी पैठ बढ़ा सकता है। यानी यह सौदा तीन देशों की रणनीति का संगम बन सकता है, जहां आर्थिक रूप से दबाव में खड़ा बांग्लादेश खुद को एक बड़े भू राजनीतिक खेल का हिस्सा बना रहा है।

बहरहाल, यह साफ है कि बांग्लादेश की यह पहल सिर्फ लड़ाकू विमान खरीदने की इच्छा नहीं, बल्कि अपनी विदेश और सुरक्षा नीति को नए सांचे में ढालने का प्रयास है। लेकिन जब अर्थव्यवस्था कमजोर हो, तब आक्रामक सैन्य फैसले अक्सर जोखिम भरे साबित होते हैं। यह कदम यह दर्शाता है कि ढाका आर्थिक तर्कों से ज्यादा सामरिक और राजनीतिक संकेतों को महत्व दे रहा है। दक्षिण एशिया के लिए यह एक चेतावनी है कि आने वाले समय में यहां की राजनीति व सुरक्षा और ज्यादा जटिल और टकरावपूर्ण हो सकती है।

## सार-समाचार

### राष्ट्र संत ललित प्रभ के प्रवचन 14 से 16 जनवरी तक

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्र संत ललित प्रभ का खंडवा में 14 जनवरी को मंगल आगमन होगा। युवा महासंघ और सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में पुरानी अनाज मंडी में 14, 15 और 16 जनवरी को तीन दिवसीय प्रवचन व्याख्यान माला आयोजित की जाएगी। इस दौरान जीवन को स्वर्ग बनाने की कला विषय पर दिव्य प्रवचन होंगे। आयोजन समिति के प्रचार मंत्री चंद्रकुमार सांड और सुनील जैन ने बताया कि संत ललित प्रभ



प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं। 14 जनवरी को प्रातः खंडवा आगमन के बाद सुबह 8.30 बजे मानसिंग मिल चौराहे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन प्रवचन स्थल पुरानी अनाज मंडी में होगा। इसके पश्चात प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक होंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पुरानी अनाज मंडी पहुंचकर प्रवचन स्थल का मुआयना किया और बैठक व्यवस्था, मंच, प्रवेश द्वार व पार्किंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रवचन स्थल पर एक ही प्रवेश द्वार रहेगा, जबकि पुरुषों और महिलाओं के लिए पृथक बैठने की व्यवस्था की जाएगी। समिति ने बताया कि तीनों दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, इसी के अनुसार माकूल व्यवस्थाएं की जा रही हैं। संत ललित प्रभ के प्रवचनों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने खंडवा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रवचन सुनने की अपील की है।

### अवैध मदिरा पर आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार और शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा और महुआ लहान जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी विकास मंडलोई ने बताया कि गुरुवार को पुनासा क्षेत्र के ग्राम अंजनिया, पुनासा टप्पर, धावड़िया, फोकटपुरा तथा मूंदी क्षेत्र के



ग्राम बिजोरामाफी, मूंदी-बीड़ रोड और केनूद रोड स्थित होटल-ढाबों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 45 पाव देशी मदिरा, 27 केन और 4 बोतल बीयर, 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 750 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। मौके पर ही महुआ लहान को विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 12 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 91 हजार रुपए बताया गया है। इसी तरह शुक्रवार को अहमदपुर खेगांव और कुंटी भेरूखेड़ा में दबिश दी गई। यहां से 81 पाव देशी मदिरा प्लेन, 17 बोतल बीयर, 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 250 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। इस दौरान भी महुआ लहान को मौके पर नष्ट किया गया और 12 प्रकरण कायम किए गए। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 35 हजार 300 रुपए आंका गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### अग्रवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**अनोखा तीर, खंडवा।** अग्रवाल महिला मंडल खंडवा के द्विवार्षिक कार्यकाल के लिए हाल ही में निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से मंजू गुप्ता को अध्यक्ष, माया गर्ग को सचिव, गायत्री गोयल को उपाध्यक्ष, उमा मित्तल को सह सचिव और रजनी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सचिव माया गर्ग ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण के साथ प्रथम



आयोजन मकर संक्रांति के अवसर पर सुहाग सौभाग्य पर्व के रूप में कुंकुम-हल्दी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पारंपरिक पारिवारिक और मैत्रीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम खंडवा की स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने महिलाओं को स्वच्छता की पाठशाला के तहत सोर्स सेग्रीगेशन, स्वच्छता महुआ एप और 3आर अभियान की जानकारी दी। साथ ही आसपास की साफ-सफाई और स्वच्छता विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी हुआ, जिसमें महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई पुरस्कार प्राप्त किए। नवीन कार्यकारिणी को पूर्व अध्यक्ष चंचल अग्रवाल सहित चंदा अग्रवाल, मीना गर्ग, मनोरमा, रानी अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## गूँजी कृष्ण-प्रेम की महिमा

### -ज्ञान से नहीं, केवल शुद्ध भाव से मिलते हैं परमात्मा

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** समीपस्थ ग्राम पांचोर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथावाचक पंडित जितेन्द्र शास्त्री ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का जीवंत वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के मर्म को समझाते हुए शास्त्री जी ने कहा कि जब अक्रूर जी श्री कृष्ण को मथुरा ले जाने आए, तब ब्रजवासियों का विरह और उनकी आंखों से बहती अश्रुधारा इस बात का प्रमाण थी कि परमात्मा के बिना जीव का कोई मोल नहीं है। उन्होंने भावुक कर देने वाले प्रसंग में बताया कि भले ही भगवान भौतिक रूप से मथुरा चले गए, किंतु उनका मन और स्नेह सदैव अपने अनन्य भक्तों यानी ब्रजवासियों के हृदय में ही बसा रहा। कथा के अगले चरण में कंस वध के माध्यम से अधर्म के अंत का वृत्तांत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि किस प्रकार उद्धव जी अपने ज्ञान के अहंकार में डूबे थे, लेकिन जब उन्होंने वृंदावन की गोपियों के निस्वार्थ और अटूट प्रेम का साक्षात्कार किया, तो उनका सारा अभिमान चूर-चूर हो गया। यहां कथावाचक ने जीवन का सबसे बड़ा सूत्र साझा किया कि ईश्वर को कठिन पांडित्य या भारी-भरकम ज्ञान से नहीं, बल्कि केवल सरल और शुद्ध भाव के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग रहा। शास्त्री जी ने रुक्मिणी हरण की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार रुक्मिणी जी ने गुरु के माध्यम से अपना संदेश भगवान तक पहुंचाया और प्रभु ने स्वयं पधारकर उनका वरण किया। जैसे ही पंडाल में श्री कृष्ण और रुक्मिणी जी का भव्य विवाह उत्सव शुरू हुआ, श्रद्धालु भक्ति के आनंद में सराबोर होकर झूम उठे।



### बंजारा युवा संघ ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**अनोखा तीर, खंडवा।** बंजारा युवा संघ के तत्वावधान में पुनासा में बंजारा समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और युवाओं ने समाज की लंबित मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पुनासा को मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बंजारा समाज पूरे देश के विभिन्न राज्यों में समान बोली, रहन-सहन और परंपराओं के साथ निवास करता है। समाज की प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों की तरह आरक्षण व्यवस्था लागू करना, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ अभिकरण का आयोग गठन कर स्वतंत्र प्रभार का कैबिनेट मंत्री नियुक्त करना शामिल है। इसके अलावा 15 फरवरी को संत सेवालाल महाराज की जयंती शासन स्तर पर मनाने और शासकीय अवकाश घोषित करने, बंजारा समाज के मंजरे, टोले और टांडों को राजस्व गांव घोषित करने तथा विमुक्त जाति प्रमाण पत्र को पूर्ण अधिकार देते हुए शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने की मांग की गई। इस अवसर पर पुनासा ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आए बंजारा समाज के वरिष्ठजन और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में भगवान पटेल, सबल नायक पटेल, पप्पू पटेल, अभय पवार, रमेश पवार, गोपाल पवार, ओमप्रकाश राठौर, बलिराम नायक, नत्थू राठौर, पदम राठौर, बद्री राठौर सहित बंजारा युवा संघ के जिला महामंत्री महेश कुमार नायक, रतन नायक, उपाध्यक्ष जगदीश राठौर, जिला मीडिया प्रभारी शिवा राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर समाज की मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपेक्षा जताई।

### सांसद खेल महोत्सवः चमक-धमक के बाद बदहाल हुआ खेल मैदान

# महोत्सव खत्म होते ही जिम्मेदारों ने खींचे हाथ







**अनोखा तीर, भैरुंदा।**

किसी भी शहर का खेल मैदान वहां की खेल प्रतिभाओं के लिए मंदिर के समान होता है। लेकिन जब वही मैदान अव्यवस्था और लापरवाही की भेंट चढ़ जाए तो खिलाड़ियों का मायूस होना लाजमी है। भैरुंदा के स्थानीय खेल मैदान पर हाल ही में संपन्न हुए सांसद खेल महोत्सव के बाद कुछ ऐसी ही तस्वीर खेल मैदान की उभरकर सामने आई है। जहां आयोजन के दौरान चारों और भीड़ और चकाचौंध थी। वहीं वर्तमान में मैदान कचरे के ढेर और गड्डों में तब्दील हो चुका है। विदित हैं कि बीती 6 जनवरी को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी क्रिकेट का भव्य फाइनल मुकाबला खेल मैदान (स्टेडियम) में खेला गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी। आयोजन की सफलता के बड़े-बड़े दावे किए गए। लेकिन आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन यह भूल गया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना होता है न कि खेल के मैदान को बर्बाद करना। फाइनल मुकाबला खत्म हुए चार दिन से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन मैदान की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिम्मेदार अधिकारियों ने जैसे अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया है।

#### कीलें और गड्डे से पटा खेल मैदान

मैदान की वर्तमान स्थिति किसी युद्ध क्षेत्र जैसी नजर आती है। महोत्सव के लिए बनाई गई अस्थाई दर्शक दीर्घा (गैलरी) को हटाने के बाद मैदान के बड़े हिस्से में लोहे की नुकीली कीलें, तार बिखरे पड़े हैं। अभ्यास करने आने वाले क्रिकेट व खेलो के खिलाडियों के लिए ये कीलें मुसीबत साबित हो सकती हैं। एक छोटी सी चूक किसी भी खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर सकती है और उसके खेल करियर पर विराम लगा सकती है। इतना ही नहीं रात्रि कालीन मैचों के लिए मैदान के बीचों-बीच और चारों ओर जो टावर खड़े किए गए थे, उन्हें हटाने के बाद गहरे गड्डे छोड़ दिए गए हैं। नियमानुसार इन गड्डों को तुरंत भरकर समतलीकरण किया जाना चाहिए था, लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि पूरा मैदान अब उबड़-खाबड़ नजर आ रहा है।

**गंदगी का अंबार और नागरिकों की दूरी-** मैदान पर चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है। दर्शकों द्वारा फेंके गए प्लास्टिक के डिस्पोजल, पानी की बोतलें, खाने के पैकेट और अन्य अपशिष्ट पदार्थ हवा के साथ पूरे मैदान में फैल रहे हैं। इस गंदगी के कारण शहर के वह बुजुर्ग और जागरूक नागरिक जो प्रतिदिन सुबह-शाम ताजी हवा में टहलने आते थे। उन्होंने अब मैदान से तौबा कर ली है। खिलाड़ियों का कहना है कि प्रशासन ने आयोजन के नाम पर मैदान का स्वरूप ही बिगाड़ कर रख दिया है।

**जिम्मेदार मौन, खिलाड़ियों का भविष्य अधर में-** जिन कंधों पर इस आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने और मैदान को पूर्ववत स्थिति में लाने की जिम्मेदारी थी। वह अब दिखाई नहीं दे रहे हैं। स्थानीय खिलाड़ियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें लगा था कि खेल महोत्सव से खेल सुविधाओं में सुधार होगा।

लेकिन यहां तो हमारा एकमात्र अभ्यास स्थल ही हमसे छीन लिया गया है। मैदान की इस हालत के कारण खिलाड़ियों की नियमित प्रैक्टिस बंद हो गई है। जिससे आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रशासन केवल फोटो खिंचवाने और बड़े नेताओं की अगवानी करने तक ही सीमित है ? खेल मैदान की यह दुर्दशा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## खंडवा तक ट्रेन विस्तार और ठहराव की मांग

**अनोखा तीर, खंडवा।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अकोला-तिरुपति साप्ताहिक ट्रेन का खंडवा-सनावद तक विस्तार देने और प्रस्तावित अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का खंडवा स्टेशन पर ठहराव शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में अकोला से तिरुपति के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन का रैक लगभग 23 घंटे अकोला यार्ड में अनुपयोगी खड़ा रहता है। ऐसे में इस ट्रेन का मलकापुर, बुरहानपुर, नेपानगर, खंडवा होते हुए सनावद तक विस्तार किया जाना व्यवहारिक होगा। इससे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से तिरुपति बालाजी तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी और निमाड़ क्षेत्र के श्रद्धालुओं व आम यात्रियों को लाभ होगा। मध्य रेल क्षेत्रीय समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा रेलवे स्टेशन पर रेल सुविधाएं बढ़ाने को लेकर सांसद लगातार प्रयासरत हैं। वहीं रेल बोर्ड द्वारा 8 जनवरी 2025 को जारी परिपत्र के अनुसार अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी और भुसावल मार्ग से चलाई जाएगी, लेकिन इसमें खंडवा स्टेशन का ठहराव शामिल नहीं है। इस पर सांसद पाटिल ने रेल मंत्री सहित मध्य रेल और पूर्व सीमांत रेलवे के महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर खंडवा स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे अलीपुरद्वार से पनवेल के बीच यात्रा करने वाले यात्री खंडवा उतरकर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### पौधारोपण घोटाला! भीकनगांव में भ्रष्टाचार की जड़ें

## वनक्षेत्रपाल पर निलंबन की तलवार



**अनोखा तीर, खरगोन।** वन संरक्षण के नाम पर सरकार करोड़ों खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है। भीकनगांव वन परिक्षेत्र में पौधारोपण कार्यों में हुए घोटाले ने पूरे विभाग की पोल खोल दी है। उप वनमण्डलाधिकारी दिनेश तास्केल ने वनक्षेत्रपाल अंजली लोवशी को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। जांच में खुलासा हुआ कि कक्ष क्रमांक 996 में 8,610 गड्ढे खाली पड़े मिले और 8,653 पौधे लावारिस हालत में फेंके हुए पाए गए। यानी कागजों में हरियाली, मैदान में बर्बादी! इतना ही नहीं, गड्ढों में डाली गई मिट्टी और गोबर खाद को जेसीबी से कुचलकर नाले में फेंक दिया गया। वहीं, गड्ढों की संख्या और आकार भी निर्धारित मानकों से बेहद कम मिले-80 प्रतिशत गड्ढे मानक से छोटे! साफ है कि हरियाली के नाम पर सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग किया गया। सिर्फ यही नहीं, वित्तीय अनियमितताएं भी सामने आईं। सुरक्षा श्रमिकों की राशि समय से पहले ही निकाल ली गई और नकद भुगतान का झूठा रजिस्टर तैयार किया गया। श्रमिकों से हस्ताक्षर तक नहीं करवाए गए। सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा सीएम हेल्पलाइन जांच में सामने आया-एक ही व्यक्ति से तीन अलग नामों के हस्ताक्षर कराए गए और शिकायत को झूठा बताकर रफा-दफा करने की कोशिश की गई। इस घोटाले ने विभाग की साख पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्रवाई होती है या एक और घोटाला फाइलों में दफ़न हो जाएगा?



### बाईक रैली निकाल किया हिन्दू सम्मेलन का भूमि पूजन

**अनोखा तीर, रेहटी।** संपूर्ण भारत वर्ष में हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। नगर रेहटी में 18 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होना है। आज नगर रेहटी में हिंदू सम्मेलन से संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। रेहटी नगर में नगर वासियो के द्वारा बाइक रैली निकाली गयी। बाइक रैली गांधी चौक से नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल श्री कृष्णा वाटिका गार्डन पहुंची। वहां पहुंचकर लोगो ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके पश्चात् भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारी मात्रा में जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूजन के पश्चात् ग्राम बीजला (तह. भेरोंदा) से आये सोलंकी जी ने नगर वासियो को सम्बोधित किया। उन्होंने नगर के लोगो से कहा की हमें हिन्दू एकता को बढ़ाने के लिए हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाना है इसके लिए कार्यक्रम में प्रत्येक हिन्दू की सहभागिता होनी चाहिए और 18 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन से पूर्व होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो से नगर में हिंदुत्व की भावना का संचार होना चाहिए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विद्यार्थी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से होगी। जिसमें सबसे पहले विद्यार्थियों और प्रतिभागियों का एकत्रीकरण होगा। सुबह 9:20 बजे जनप्रतिनिधियों का आगमन होगा। जिसके पश्चात माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के गायन के साथ स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायी विचारों का स्मरण किया जाएगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री का प्रदेश के युवाओं के नाम संदेश भी प्रसारित होगा। आयोजन का मुख्य आकर्षण सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम सत्र रहेगा।

## व्यवसायी ने सरकारी स्कूल के बच्चों को स्कूल शूज भेंट कर मनाया जन्मदिन



**अनोखा तीर, भैरुंदा।** नगर के व्यवसायी एवं समाजसेवी मुकेश मुंडेल (जाट) ने अपना जन्मदिन एक अनूठी और पहल के साथ मनाया। उन्होंने सद्दाम कॉलोनी स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर वहां अध्ययनरत बच्चों के साथ समय बिताया और खुशियां बांटी। जन्मदिन के उपलक्ष्य में व्यवसायी ने विद्यालय के लगभग 70 छात्र-छात्राओं को स्कूल शूज (जूते) भेंट किए। नए जूते पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुकेश ने बताया कि वह अपने विशेष दिन को समाज के उन बच्चों के साथ साझा करना चाहते थे। जिन्हें छोटे-छोटे सहयोग से बड़ी प्रेरणा मिल सकती है। शिक्षा और बच्चों का बेहतर भविष्य मेरी व्यक्तिगत रुचि के साथ-साथ सामाजिक प्राथमिकता भी है। मेरा मानना है कि हर बच्चे को समान अवसर मिलने चाहिए। मैं इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और आशा करता हूं कि ये अपनी मेहनत से हर सपना पूरा करेंगे। विद्यालय की शिक्षिकाओं और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने इस कार्य के लिए मुकेश मुंडेल का आभार व्यक्त किया और उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना की। इस सेवा कार्य के दौरान राजेश पटेल छापरी, सुनील लाठी, पवन डूडी, मुकेश पंवार, पवन पंवार, विजय एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

## भैरुंदा और बोरखेड़ा में आज होगा हिंदू सम्मेलन का शंखनाद, तैयारियां पूर्ण

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संपूर्ण जिले में आयोजित किए जा रहे सकल हिंदू समाज सम्मेलनों की कड़ी में आज 11 जनवरी को भैरुंदा नगर की श्रीराम बस्ती और बोरखेड़ा मंडल में सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजनों को लेकर क्षेत्र के हिंदू



समाज में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार बोरखेड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले सात गांवों का सम्मेलन सुबह 10 बजे शासकीय हाई स्कूल बोरखेड़ा में प्रारंभ होगा। जबकि लगभग 5 हजार की आबादी वाली भैरुंदा की श्रीराम बस्ती का सम्मेलन दोपहर 2 बजे सुदामा पैलेस में आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन के निमित्त पिछले एक महीने से सघन जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मातृशक्ति द्वारा मंदिरों में निरंतर भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। साथ ही प्रतिदिन रात्रिकालीन संकीर्तन यात्राएं भी निकाली गईं। समाज के प्रत्येक घर में पीले अक्षत और भारत माता का चित्र देकर सपरिवार आने का निमंत्रण दिया गया है।

## युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**अनोखा तीर, खरगोन।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर मुख्य आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर 12 जनवरी को प्रातः 9 से 10.30 बजे तक होगा। यह कार्यक्रम रेडियो प्रसारण के माध्यम से एक संकेत पर पूरे प्रदेश में एक साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर साफ-सफाई, पानी का छिड़काव सहित आवश्यक तैयारियां जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद, शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग द्वारा की जा रही हैं। योग प्रशिक्षकों द्वारा स्वयं अभ्यास करने के साथ विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार



और प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानुडे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस दिन जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रदीप गुप्ता, जगदीश शर्मा, प्रेमचंद पाटीदार, पंकज नामदेव, गिरधारी बिर्ला सहित अन्य प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के साथ अभ्यास कराया गया। समस्त तैयारियां कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों के अनुसार पूरी की जा रही हैं।

## सार-समाचार

# नपा की अतिक्रमण और सड़क अवरुद्ध करने वालों पर सख्त कार्रवाई

### ● 75 क्रेट और 5 ठेले जब्त, 4 फल-सब्जी विक्रेताओं पर लगाया जुर्माना

अनोखा तीर, नर्मदापुरम। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे लोगों के खिलाफ नगर पालिका के अतिक्रमण दल ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान 75 क्रेट और 5 ठेले जब्त किए गए, वहीं 4 फल एवं सब्जी विक्रेताओं पर जुर्माना भी लगाया गया। यह कार्रवाई हीरो होंडा शोरूम से लेकर नेहरू पार्क एवं पानी की टंकी के आसपास के क्षेत्र तक की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण कर सड़क पर ठेले-खोमचे लगाकर आवागमन बाधित करने वालों को सख्त



चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि सड़क मार्ग अवरुद्ध किया गया तो जब्ती के साथ-साथ कड़ी आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों एवं विक्रेताओं की होगी। अतिक्रमण दल के सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर की गई है। उन्होंने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आमजन को होने वाली असुविधा को दूर करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने नेहरू पार्क स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण भी किया। तथा दमकल कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। नर्मदा प्रकटोत्सव, नगर गौरव दिवस तथा अन्य धार्मिक त्योहारों के मद्देनजर नगर में भीड़ और यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का साथ दें।

# मां नर्मदा प्रकटोत्सव और नगर गौरव दिवस की तैयारियां तेज

### घाटों का हो रहा भव्य सौंदर्यीकरण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** नगर में मां नर्मदा प्रकटोत्सव और नगर गौरव दिवस को भव्य एवं दिव्य रूप से मनाने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगरपालिका द्वारा घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मां नर्मदा जयंती को विशेष और यादगार बनाने के उद्देश्य से सभी प्रमुख घाटों को इंद्रधनुषी रंगों से सजाया जा रहा है, जिससे घाटों की सुंदरता देखते ही बन रही है। घाटों की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रंग-रोगन के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और नगरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और



सुरक्षित वातावरण मिल सके। वर्तमान में मां नर्मदा के सभी घाट इंद्रधनुषी छटा बिखेरते नजर आ रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगता दिखाई दे रहा है। उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में मां नर्मदा जयंती एवं नर्मदापुरम नगर गौरव दिवस की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सभी घाटों पर मनभावन रंगों से पुताई कराई जा रही है। घाटों की सुंदरता बढ़ाने के लिए छोटी-छोटी बारीकियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आयोजन के दिन घाटों की छवि और अधिक आकर्षक नजर आए। उन्होंने बताया कि घाटों के किनारों, सीढ़ियों, रेलिंग, बैठने की जगहों और प्रवेश मार्गों को भी सजाया जा रहा है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी काम किया जा रहा है, ताकि रात्रि के समय घाट और अधिक मनमोहक दिखाई दें।

# किराना दुकान में घुसकर युवक से बेरहमी से मारपीट

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### ● देहात थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल

अनोखा तीर, नर्मदापुरम।

शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत किराना दुकान में घुसकर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आने के बाद कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, लेकिन दो दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना देहात थाना अंतर्गत नर्मदा अस्पताल के सामने स्थित पालीवाल किराना दुकान की है। यहां फरियादी अभिषेक त्रिपाठी अपनी दुकान पर मौजूद थे, तभी दो आदतन अपराधी वहां पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते आरोपियों ने दुकान में घुसकर लात-घूंसे से बेरहमी से मारपीट की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि युवक के कपड़े तक उतार दिए गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के दौरान आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों की दबंगई के कारण कोई खुलकर सामने नहीं आ सका। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं, इसके बावजूद अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल



खड़े कर रहा है। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि इस देहात थाना पुलिस के एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2) और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। आमजन पुलिस प्रशासन से तत्काल और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### ● सीसीटीवी फुटेज के बावजूद आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर

कई सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संघों ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं में बढ़ोतरी हो सकती है। यह पूरी घटना नर्मदा हॉस्पिटल के सामने पालीवाल दुकान में घुसकर इस तरह की मारपीट हो रही है तो व्यापारी वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि घटना के बाद से उनका परिवार दहशत में है। उन्हें डर है कि आरोपी दोबारा हमला कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा देने और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नपाध्यक्ष का बड़ा एक्शन



### ● शहर की जल व्यवस्था को हाईटेक और दुरुस्त करने के लिए खुद संभाली कमान

**अनोखा तीर, इटारसी।** इटारसी के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को दोहराते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे शनिवार को एक्शन मोड में नजर आए। शनिवार की सुबह उन्होंने शहर के सभी प्रमुख संपवेल और पानी की टंकियों का तूफानी दौरा कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष ने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि जल संकट की भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सूरजगंज स्थित पानी की टंकी पर पंप ऑपरेटर की अनुपस्थिति को अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जनता की सेवा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मौके पर ही उन्होंने संबंधित ऑपरेटर का वेतन काटने के निर्देश दिए, जिससे विभाग के अन्य कर्मचारियों में भी अनुशासन का संदेश गया है।

### जीर्ण-शीर्ण ढांचे का होगा कायाकल्प

नगरपालिका अध्यक्ष ने न्यास कॉलोनी पार्क स्थित क्षतिग्रस्त टंकी की स्थिति को भांपते हुए नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने जर्जर ढांचे के समाधान और नए विकल्पों पर विचार करने की बात कही। वहीं, धौखेड़ा और खेड़ा संपवेल की मोटरों की पेंटिंग, वायरिंग और प्रेशर ग्राउटिंग के जरिए सिस्टम को अपडेट करने का निर्देश दिया, ताकि आने वाले समय में तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित न हो।

### स्वच्छता और सुदृढ़ीकरण पर जोर

अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर की हर टंकी की गहराई से जांच की और अधिकारियों को क्वालिटी मेंटेनेंस का मंत्र दिया।

- **गांधीनगर और सावरकर स्टेडियम** – यहां की टंकियों की पीडब्ल्यूडी लेबर के माध्यम से विशेष सफाई, नई सीढ़ियां लगाने और लीकेज दुरुस्त करने की योजना बनाई गई।
- **पीपल मोहल्ला और हाउसिंग बोर्ड** – यहां वॉटरप्रुफिंग और प्लिंथ निर्माण कर ढांचों को मजबूती प्रदान की जाएगी।
- **न्यास कॉलोनी संपवेल** – आगामी बुधवार को यहां विशेष सफाई अभियान और केमिकल ट्रीटमेंट कर पानी की शुद्धता सुनिश्चित की जाएगी।

अध्यक्ष के इस औचक निरीक्षण से जल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में तत्परता देखी जा रही है। पंकज चौरे ने सीएमओ ऋतु मेहरा, सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी और जल विभाग की टीम को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, रविन्द्र जोशी, और संजय दुबे सहित जल विभाग के प्रमुख कर्मचारी उपस्थित रहे। शहरवासियों ने अध्यक्ष की इस सक्रियता की सराहना की है, क्योंकि इससे ग्रीष्म ऋतु से पहले ही शहर की जल प्रदाय व्यवस्था चाक-चौबंद हो जाएगी।

### अनोखा तीर से विशेष चर्चा...

# भारत माता की गोद में समाया हुआ, मेरा ग्रामीण भारत : शिवानी



प्रदीप साहू,

**खातेगांव।** मेरा ग्रामीण भारत आज भी खेतों की हरियाली में अपनी असली पहचान संजोए हुए है। यहां की मिट्टी केवल फसलें नहीं उगाती, बल्कि परिश्रम, आत्मसम्मान और आशा के बीज भी बोती है। किसान के पसीने की हर बूंद इस धरती को पवित्र बनाती है और देश की आत्मा को जीवंत रखती है। ग्रामीण अंचल के खेतों में लहलहाती सोयाबीन, चना और चिया जैसी फसलें आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। इन फसलों के साथ किसान की उम्मीदें, उसके परिवार का भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के सपने जुड़े होते हैं। मौसम की अनिश्चितताओं और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद किसान का हौसला आज भी अडिग है। भारत माता की गोद में समाया हुआ मेरा ग्रामीण भारत सादगी, संघर्ष और सामूहिकता का प्रतीक है। यहां प्रकृति और मानव के बीच का रिश्ता आज भी गहरा और संवेदनशील बना हुआ है। गांवों की संस्कृति, परंपराएं और आपसी सहयोग हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूती प्रदान करते हैं। आज आवश्यकता है कि ग्रामीण भारत को केवल विकास योजनाओं का लाभार्थी न मानकर, राष्ट्र निर्माण का सशक्त भागीदार बनाया जाए। क्योंकि जब ग्रामीण भारत मजबूत होगा, तभी भारत वास्तविक अर्थों में समृद्ध और आत्मनिर्भर बन पाएगा। वास्तव में, ग्रामीण भारत केवल एक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है- जो हरियाली, परिश्रम और आशा के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**लेखिका**
शिवानी गुप्ता बेड़ा
**पूर्व छात्रा**
नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर
**अतिथि प्राध्यापक**
विद्या सागर कॉलेज, खातेगांव
**संस्थापक**
भारत समृद्धि

# मौत से जूझ रहे बुजुर्ग गार्ड को अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

### इलाज के लिए जुटाई आर्थिक मदद, वर्षों से हो रहे शोषण के खिलाफ भी खोला मोर्चा

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** कहते हैं कि संकट के समय जो साथ खड़ा हो, वही सच्चे अर्थों में ईश्वर का रूप होता है। इस कहावत को मालाखेड़ी स्थित रिवर व्यू कल्चर फाउंडेशन सोसायटी के जागरूक रहवासियों ने चरितार्थ कर दिखाया। सोसायटी में तैनात एक बुजुर्ग सुरक्षाकर्मी की हालत अचानक गंभीर हो गई, तब पूरी कॉलोनी उनके लिए ढाल बनकर खड़ी हो गई। न सिर्फ उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, बल्कि इलाज के लिए आर्थिक सहयोग भी जुटाया गया और उनके साथ वर्षों से हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज भी बुलंद की गई। बाबई रोड निवासी 62 वर्षीय सुरक्षाकर्मी बाबूलाल बोरासी कड़ाके की ठंड और अत्यधिक कार्यभार के चलते अचानक अस्वस्थ हो गए।

उन्हें माइनर हार्ट अटैक आया और शुगर बढ़ने से वे सड़क पर ही बेसुध होकर गिर पड़े। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता योगेश पवार मौके पर पहुंचे और फरिश्ता बनकर उनकी मदद की। उन्होंने बिना देरी किए बाबूलाल को संभाला और तत्काल ऑटो की सहायता से मालाखेड़ी रोड स्थित जयश्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वर्तमान में बाबूलाल आईसीयू में भर्ती हैं और जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं।

### एक संदेश और उमड़ा जन-सहयोग

घटना की जानकारी जैसे ही नवगठित रिवर व्यू वेलफेयर सोसायटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा की गई, पूरी कॉलोनी एकजुट हो गई। मानवता को सर्वोपरि रखते हुए सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी मतभेद भुलाकर चंदा एकत्र करना शुरू किया। कुछ ही समय में इलाज के लिए एक बड़ी राशि जुटा ली गई, जिससे जयश्री हॉस्पिटल में बाबूलाल का उपचार सुचारू रूप से शुरू हो सका।

### अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने जाना हालचाल

रिवर व्यू कल्चर फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष प्रीती खरे स्वयं अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान पूर्णिमा त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी और कॉलोनी के कई निवासी भी मौजूद रहे। सभी ने बाबूलाल का हालचाल जाना, उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सोसायटी के सदस्यों का कहना है कि बाबूलाल लंबे समय से अत्यधिक कार्यभार और कम सुविधाओं के बीच काम कर रहे थे, जो एक तरह का शोषण है। अब सोसायटी ने निश्चय किया है कि भविष्य में किसी भी कर्मचारी या सुरक्षाकर्मी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। यह घटना न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि संगठित होकर किया गया प्रयास किसी की जान बचा सकता है और शोषण के खिलाफ मजबूत आवाज बन सकता है।

### विकसित भारत-गारंटी मिशन की जिला स्तरीय टोली गठित



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण को हिंदी में विकसित भारत-गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नर्मदापुरम जिले में जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला द्वारा प्रसन्ना हर्णे को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं जिला सह संयोजक के रूप में राजेश गौर, संजय मालानी एवं भगवान सिंह पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बताया कि यह जिला स्तरीय टोली ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

# एसपीएम नर्मदापुरम में नवीन पेपर मशीन की स्थापना को केंद्र की मंजूरी

### ● बीएमएस ने राज्यसभा सांसद का किया सम्मान

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के औद्योगिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में प्रतिभूति कागज कारखाना (एसपीएम) नर्मदापुरम में नवीन पेपर मशीन की स्थापना को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना न केवल जिले बल्कि देश की मुद्रा निर्माण प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिभूति कागज कारखाना मजदूर संघ नर्मदापुरम के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के कार्यालय पहुंचकर उनका भावपूर्ण सम्मान किया और आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सांसद के सतत प्रयासों के कारण ही यह बहुप्रतीक्षित स्वीकृति संभव हो सकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों से सांसद माया नारोलिया लगातार इस विषय को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष प्रयासरत थीं। उनके निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के निर्देशानुसार वित्त मंत्रालय द्वारा एसपीएम नर्मदापुरम में प्रतिवर्ष 6 हजार मैट्रिक टन क्षमता की अत्याधुनिक सिलेंडर मोल्ड वैट आधारित वॉटरमार्क युक्त बैंक नोट पेपर निर्माण लाइन की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अवसर पर बीएमएस पदाधिकारियों ने सांसद माया नारोलिया को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। तथा इस निर्णय को नर्मदापुरम ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना देश को बैंक नोट पेपर निर्माण के क्षेत्र में और अधिक आत्मनिर्भर बनाएगी तथा तकनीकी दृष्टि से भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रस्तावित नवीन प्लांट पीएम-6 की स्थापना नर्मदापुरम क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।



उन्होंने कहा कि प्रतिभूति कागज कारखाना देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ संस्थान है। यहां तैयार होने वाला बैंक नोट पेपर देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ है। नवीन तकनीक से युक्त इस संयंत्र की स्थापना से भारत की मुद्रा निर्माण क्षमता और अधिक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर होगी। सांसद माया नारोलिया ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री तथा वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय नर्मदापुरम के औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए वे इसी प्रकार निरंतर प्रयास करती रहेंगी।



### बिटिया ने हौसलों से इतिहास रच दिया : विधायक

# शहर की बिटिया जयपुर में व्हील चेयर प्रतियोगिता में आई प्रथम

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर के लोवंशी समाज की बिटिया कीर्ति लोवंशी ने व्हील चेयर की आल इंडिया ग्रुप डांस प्रतियोगिता जयपुर में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने हौंसलों से इतिहास रच दिया है। उक्त बात विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कीर्ति लोवंशी को सम्मानित करते हुए कही। उन्होंने कहा शहर की बेटी कीर्ति शिवकुमार लौवंशी की संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास से भरी जीवन यात्रा आज हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कीर्ति की कहानी यह सिद्ध करती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मजबूत इरादों के आगे वे कभी बाधा नहीं बन सकतीं। विधायक वर्मा ने बताया कि विवाह के मात्र छह माह पश्चात एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में ऊंचाई से गिरने के कारण कीर्ति लोवंशी को कमर से नीचे के हिस्से से पैरालिसिस हो गया था। यह ऐसा समय था जब कोई भी टूट सकता था, लेकिन कीर्ति ने हार नहीं मानी। लगातार 15 वर्षों तक उन्होंने अदम्य साहस, जुनून और आत्मबल के साथ अपने सपनों को जीवित रखा और हालात को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। उनके इसी अटूट हौसले और निरंतर संघर्ष का परिणाम यह रहा कि जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से आई प्रतिभागियों के साथ व्हीलचेयर ग्रुप डांस में भाग लेकर कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि उन सभी बेटियों के लिए संदेश भी है, जो जीवन में किसी न किसी संघर्ष से जूझ रही हैं। विधायक ने कहा कि कीर्ति की यह सफलता सिवनी मालवा, उनके परिवार और पूरे समाज के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने अपने जज़्बे, मेहनत और प्रतिभा से यह साबित कर दिया कि अगर हौसले मजबूत हों, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। कीर्ति आज केवल एक विजेता नहीं, बल्कि सैकड़ों बेटियों के लिए उम्मीद, आत्मविश्वास और प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कीर्ति लौवंशी को इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक सफलता पर हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सम्मानित करते हुए कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कीर्ति का आने वाला भविष्य और भी उज्ज्वल हो। वे इसी तरह आगे बढ़ती रहें और समाज की अनगिनत बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती रहें।

### कीर्ति की इस सफलता ने एक पुरानी कहावत को नया अर्थ दे दिया

बचपन से सुना जाता है कि हर कामयाब पुरुष के पीछे एक महिला का हाथ होता है, लेकिन यहां एक कामयाब महिला के पीछे उसके जीवनसाथी का मजबूत साथ और हाथ दिखाई दिया। शिवकुमार लोवंशी का यह सहयोग, विश्वास और संबल कीर्ति की ताकत बनकर हर कदम पर साथ रहा। कीर्ति लोवंशी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का अत्यंत गर्व का क्षण है। एस्टीटा 2025 में डांस विथ वहील के मंच पर प्रस्तुति देने के बाद उनके कार्य और संघर्ष को क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया, जिसके लिए उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उस विश्वास, मेहनत और सहयोग का परिणाम है जो उन्हें डांस विथ व्हील का होंसला परिवार से मिला। कीर्ति ने विशेष रूप से डांस विथ व्हील की संस्थापक प्रिया शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ मंच दिया, बल्कि उन पर विश्वास कर आगे बढ़ने की हिम्मत भी दी। कीर्ति के शब्दों में, यह सफर अभी जारी है और ऐसे मार्गदर्शन व सहयोग से हर कदम और अधिक मजबूत बनता जा रहा है।

# भगवा झंडे जलाकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जिले के गंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो युवकों ने घरों और सड़कों के किनारे लगे भगवा झंडों को आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से लगभग दस जले हुए भगवा झंडे बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि आगामी समय में होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर ये भगवा झंदे लगाए गए थे। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान तौफिक खान पिता सहीर खान उम्र 23 वर्ष निवासी लोहिया वार्ड गंज और मुशरफ खान पिता लतीफ खान उम्र 23 वर्ष, निवासी लोहिया वार्ड गंज दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात



किया गया है। एसडीओपी सुनील लाटा के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### एसपी और एसडीएम मौके पर पहुंचे

सहायक संचालक जनसंपर्क रोमित उइके ने जानकारी दी कि हिंदू संगठन के झंडे जलाने की सूचना सबसे पहले कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को मिली थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल पुलिस अधीक्षक और एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह को घटनास्थल पर भेजा। एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है। पुलिस संदिग्ध युवकों से हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ कर रही है।

## सार-समाचार

### पानी में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए नियमित टांकियों की सफाई करवाएं : महापौर

**अनोखा तीर, देवास।** समस्त शैक्षणिक संस्थायें, मैरिज गार्डन, अस्पताल, होटल, प्रतिष्ठान यह सुनिश्चित करें कि अपने प्रतिष्ठानों में अपने स्टॉफ एवं संस्थाओं में आम नागरिकों, मरीजों एवं उनके साथ में आने वाले परिवारजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए अपने प्रतिष्ठानों, अस्पतालों, मैरिज गार्डनों, में बनी पीने के लिए पानी की टंकियों की नियमित सफाई होने एवं प्रतिष्ठानों में लगे नलकूपों से लिये जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच हो, कि व्यवस्था करवाएं जाने के निर्देश महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने आयुक्त दलीप कुमार को दिए। आयुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी देवास को पत्र के माध्यम से अपने समस्त अधिनस्थ संबंधितों को शेक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं, अधिनस्थ स्टापों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए संस्थानों में बनी या रखी पीने के पानी की टंकियों की नियमित सफाई एवं नलकूपों से लिया जा रहा पेयजल की निरंतर जांच कराये जाने निर्देशित किया। साथ ही आयुक्त ने मैरिज गार्डन, अस्पताल, होटल, प्रतिष्ठानों के संचालकों को भी अपने संस्थानों पर बनी पीने के पानी की टंकियों की नियमित सफाई एवं नलकूपों से लिया जा रहा पेयजल की निरंतर जांच कराये जाने के लिए भी कहा। महापौर ने समस्त शैक्षणिक संस्थायें, मैरिज गार्डन, अस्पताल, होटल, प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील करते हुए पीने के पानी में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए नियमित टांकियों की सफाई कर नलकूपों से लिए जा रहे पानी की जांच अवश्य कराएं।

### श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य का 726वां प्रकट उत्सव मनाया

- भगवा ध्वजों और राम भजनों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा

**अनोखा तीर, देवास।** अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी महिला एवं युवा परिषद जिला देवास के द्वारा श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य जी के 726 वां प्रकट उत्सव का आयोजन एवं भव्य शोभायात्रा समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वैष्णव बैरागी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर राम



भजनों पर झूमते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए केदारेश्वर मंदिर पर शोभायात्रा का समापन किया। शोभायात्रा के पश्चात श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य के जीवन दर्शन पर एवं सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला गया। समाज द्वारा रामानंदाचार्य जी के जीवन पर उद्बोधन एवं ड्राइंग बनाने वाले बच्चों का तथा वार्षिक बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के साथ समाज के उच्च पदों पर पदस्थ व्यक्तियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन में समाज को एक साथ मिलकर आगे आने वाले वार्षिक कार्यक्रम करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवास विधायक गायत्री राजे पवार का प्रतिनिधित्व करते हुए पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस एवं पूर्व पार्षद शिवा चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निलेश रामावत, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र मोहन वैष्णव मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष महंत, प्रदेश मंत्री अजय बैरागी, प्रदेश चिकित्सा प्रकल्प प्रदेश संयोजक प्रियेद्र पंडित, प्रदेश महासचिव रामबाबू बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला परिषद की ओर से शकुंतला परमार्थी एवं संपूर्ण बीसी ग्रुप टीम उपस्थित रही।

## आदेश हुए कई, कार्रवाई शून्य - मंदिर का रास्ता बना विवाद का कारण

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ा कुलदेवी का रास्ता, प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**अनोखा तीर, देवास।** ग्राम जीरवाय तहसील टोंकखुर्द में स्थित कुलदेवी-देवताओं के प्राचीन मंदिर तक जाने वाला रास्ता एक बार फिर अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों पुराने इस सार्वजनिक मार्ग को कुछ लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर बंद कर दिया गया है, जबकि प्रशासन द्वारा पूर्व में रास्ता खुलवाने व चिन्हांकन के स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार मंदिर उनके पूर्वजों के समय से ही स्थापित है और मंदिर तक आने-जाने का रास्ता भी तभी से प्रचलन में रहा है। लेकिन मंदिर के सामने स्थित शासकीय भूमि पर विक्रमसिंह पिता चेनसिंह सैंधव एवं लाखनसिंह पिता उदयसिंह सैंधव द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण तथा शेष भूमि पर तार फेंसिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने 16 जून 2025 एवं 24 जुलाई 2025 को तहसीलदार टोंकखुर्द को आवेदन प्रस्तुत किए। इसके बाद 20 जुलाई 2025 एवं 5 अगस्त 2025 को राजस्व निरीक्षक एवं



पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ता अस्थायी रूप से खुलवाया गया, लेकिन भूमि का विधिवत चिन्हांकन नहीं किया गया। इसी का लाभ उठाकर संबंधित व्यक्ति ने पुनः तार फेंसिंग कर रास्ता बंद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को दोबारा आवेदन देने पर तहसीलदार द्वारा आदेश क्रं 2339/आर-1/2025 दिनांक 01/09/2025 जारी कर मंदिर मार्ग की शासकीय भूमि का चिन्हांकन करने एवं मोरम डालने की अनुमति दी गई थी।

बावजूद इसके, राजस्व निरीक्षक-2 एवं संबंधित पटवारी द्वारा आदेश का आज तक पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें बार-बार तहसील कार्यालय बुलाकर केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता रहा। 5 जनवरी 2026 को तहसीलदार द्वारा 9 जनवरी 2026 को आने का भरोसा दिया गया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर भी कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने अब अनुविभागीय अधिकारी टोंकखुर्द, जिला देवास से मांग की है कि वे पूरे मामले पर गंभीरता से विचार कर तत्काल रास्ते का स्थायी निराकरण, शासकीय भूमि का चिन्हांकन एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें, ताकि श्रद्धालुओं को अपने आराध्य तक पहुंचने का अधिकार मिल सके।

- 9 मंडल, हिन्दू सम्मेलन में 80 से अधिक गांवों के हजारों लोग एकत्रित होंगे

# हिन्दू सम्मेलनों में होंगे समरस्ता के दर्शन

**अनोखा तीर, देवास।** रविवार को देवास जिले में बड़े स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। देवास नगर की 17 बस्तियों के अलावा करनावद, भोरासा एवं पीपलरावा नगर की दो-दो बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन होंगे।

इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के 9 मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे जिनमें 80 से अधिक गांवों के लोग सहभागी होंगे। हाटपिपल्या खंड के करनावद नगर के साथ खजुरिया बिना, देवगढ़ एवं लिम्बोदा मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। टोंकखुर्द खंड के भौरांस नगर, देवली एवं चिड़ावद मंडलों में हिन्दू सम्मेलन होंगे। चिड़ावद मंडल का हिन्दू सम्मेलन टोंक कला में होंगा। पिपलरवा खंड के पिपलरवा नगर के साथ इकलेरा एवं चौबारा धीरा मंडल में हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। देवास ग्रामीण खंड के दत्तोतर एवं बैरागढ़ मंडल हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। हिन्दू सम्मेलनों की तैयारी के लिए गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले में अक्षत कलश वितरण, भूमि पूजन, भगवा ध्वज स्थापना, भगवा यात्राएं, प्रभात फेरियां आदि आयोजन किये जा रहे हैं। हिन्दू सम्मलेनों को लेकर, मोहल्लों एवं गांवों उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती, गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंचपरिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी स्थानों पर सहभोज भी आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृशशक्तियां, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में भाग लेंगे। आगामी दिनों में देवास जिले के अन्य मंडलों एवं बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

## मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार स्थान परिवर्तन, अब तालाब रोड पर लगेगा

### लगातार सड़क पर लग रहे ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**अनोखा तीर, चिचोली।** नगर में अस्पताल रोड पर वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक बाजार मंगलवार को स्थांतरित कर दिया गया है। यह बाजार अब मंगलवार से पुना खबीज तालाब रोड, पुराना बगीचा बाजार हरदा रोड मार्ग पर लगेगा। इस कदम से नगर के दुर्गादास चौक, अस्पताल रोड एवं लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। चिचोली में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार लंबे समय से अस्पताल परिसर के आसपास लगता है। यह स्थान अस्पताल का मुख्य मार्ग मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में भीड़ होने के कारण और दुकान सड़क के किनारे दुकान लगने के कारण आपातकालीन वहान एम्बुलेंस, एवं मरीज को आने जाने में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के साथ स्कूल जाने वाले बच्चे भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। स्थानीय लोग इस समस्या को लेकर लंबे समय से शिकायत कर रहे थे। प्रशासन ने जनहित और लगातार सड़क जाम की स्थिति के निराकरण को लेकर या निर्णय लिया है। सीएमओ आरिफ हुसैन ने बताया कि चिचोली नगर में अस्पताल के आसपास सड़क के किनारे लग रहे साप्ताहि बाजार से ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तन किया गया है। यह साप्ताहिक तालाब रोड के आसपास लगेगा।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद धमकी और मारपीट का आरोप

- ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से की सुरक्षा व जांच की मांग

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले की ग्राम पंचायत बघोली से जुड़े एक मामले में ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। आवेदक महेन्द्र पवार और गणेश सूर्यवंशी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि पंचायत से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराने के बाद उन पर शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि उन्होंने पंचायत के कुछ कार्यों और मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर जनपद पंचायत, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें की थीं,



जिन पर जांच की जानकारी भी उन्हें मिली है। आवेदन के अनुसार, शिकायतों के बाद पंचायत से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर धमकी और दबाव बनाया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में एक जांच के दौरान विवाद की स्थिति बनी और आपसी कहासुनी के बाद मारपीट और धमकी देने की बात सामने आई। साथ ही, एक ग्रामीण के खिलाफ महिला सरपंच से छेड़छाड़ की कथित शिकायत को झूठा बताते हुए इसे दबाव बनाने की कोशिश बताया गया है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वे मनरेगा मजदूर हैं और लंबे समय से काम न मिलने के कारण आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। पूरे मामले में उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकालकर दिया सहभागिता संदेश

- सामूहिक सूर्य नमस्कार और स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन भी होगा

**अनोखा तीर, सतवास।** पूज्य स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में 12 जनवरी को मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में जन सामान्य की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए, एक जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने युवा दिवस का महत्व बताया और कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। स्काउट शिक्षक मनोज दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले बच्चों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों को समझा और फिर तीन आवृत्ति की, इसी के साथ विद्यार्थियों ने प्राणायाम का अभ्यास भी किया। सूर्य नमस्कार के 12 आसनों की एक-एक आवृत्ति की गईं। इसमें प्रणाम आसन से आरम्भ करके और पुनः




प्रणाम आसन पर ही लाकर सूर्य नमस्कार पूर्ण किया गया। प्राणायाम में अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने पूज्य स्वामी विवेकानंद जी की जय के नारे लगाए और यह अपील की कि 12 जनवरी को सांदीपनि शासकीय उमावि सतवास के प्रांगण में सभी सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में सहभागिता करें। इस अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

## मनरेगा में बदलाव मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला : निलय डागा

### अपनी पार्टनरशिप का मोह छोड़कर शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले सरकार

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा ने केंद्र की मोदी सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में बड़े बदलाव कर गरीबों के काम करने और मजदूरी पाने के अधिकार छीनने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को काम की कानूनी गारंटी थी और मांग करने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार देना अनिवार्य था, लेकिन अब यह अधिकार समाप्त कर दिया गया है और काम सरकार की मर्जी पर निर्भर हो गया है।




प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक निलय डागा ने रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और उसके स्वरूप में किए गए बदलावों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। डागा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के पास फंड की कमी है और वह हर महीने कर्ज लेकर काम चला रही है, इसलिए आशंका है कि अब इस योजना को बंद करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने पीपीपी मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि निजी निवेश होने पर जनता को मुफ्त इलाज नहीं मिल पाएगा। डागा ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी की विचारधारा से प्रेरित थी, जिसे दुनिया के 80 देशों ने अपनाया था। कांग्रेस ने ग्रामीणों को सालभर काम और 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने के लिए इसे शुरू किया था। पहले इसमें केंद्र सरकार 90 प्रतिशत और राज्य सरकार 10 प्रतिशत खर्च वहन करती थी। अब इसे बदलकर केंद्र के लिए 60 प्रतिशत और राज्य के लिए 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

## एसआईआर सर्वे में स्टेशनरी का अभाव

**अनोखा तीर, चिचोली।** एसआईआर सर्वे में स्टेशनरी के अभाव में बीएलओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि एसआईआर सर्वे का कार्य निरंतर चल रहा है, जिसमें विधानसभा घोड़ाडोंगरी 132 के तहत निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाताओं के लॉजिकल डिस्क्रिपेसी बीएलओ प्रमाण पत्र फार्म के माध्यम से समय सीमा में जानकारी अपलोड करना है। लेकिन इसके बीएलओ के पास इस स्टेशनरी फार्म उपलब्ध नहीं है।



ऐसी स्थिति में बीएलओ की परेशानी बढ़ गई है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में 101 बीएलओ हैं। बीएलओ द्वारा निर्वाचन अधिकारी विधानसभा 132 घोड़ाडोंगरी के नाम आवेदन देकर स्टेशनरी उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि समय सीमा में यह फार्म अपलोड किया जा सके।

## अवैध कॉलोनियों, नल कनेक्शन व पेयजल व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

**अनोखा तीर, बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वसूली में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि नगरीय निकायों की आर्थिक सुदृढ़ता के लिए राजस्व वसूली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर, जलकर एवं अन्य मदों में लंबित वसूली को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। वसूली में सहयोग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएं।

### अवैध कॉलोनियों के नियमितिकरण की समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अवैध कॉलोनियों के नियमितिकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन अवैध कॉलोनियों में रेग्युलेशन की कार्रवाई की जा चुकी है, वहां प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें काटने अथवा नियमानुसार नियमित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल, स्वच्छता जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो पेयजल पाइपलाइन नालों से होकर गुजर रही हैं, उन्हें नियमानुसार सुरक्षित एवं उपयुक्त ऊंचाई पर स्थानांतरित करने की कार्रवाई की जाए, जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण न हो।





### सीएमओं को नियमित भ्रमण के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने-अपने निकाय क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग कलेक्ट्रेट कार्यालय से की जाएगी। बैठक में नपा अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, नपा अध्यक्ष शाहपुर रोहित नायक, नपा अध्यक्ष भैंसदेही मनीष सोलंकी, नपा अध्यक्ष शाहपुर किशोर बर्दे सहित जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

*स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।*

सिंगाजी का ढीमर परिवार बढ़ा रहा गौरव

# पहले पकड़ रहे थे मछली, अब जीत रहे अंतर्राष्ट्रीय मैडल



**अनोखा तीर, खंडवा।**

नर्मदा की लहरों के बीच पले-बढ़े सिंगाजी क्षेत्र के ढीमर परिवार ने यह साबित कर दिया कि हालात चाहे कितने भी कठिन हों, मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है। जिस परिवार ने कभी कर्ज चुकाने के लिए रात-रात भर नाव चलाकर मछली पकड़ी, आज उसी परिवार के तीनों भाई-बहन कयाकिंग-कैनोइंग जैसे विदेशी जलखेल में देश और प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

**छोटा भाई सुदीप रच रहा नया इतिहास–** परिवार के 15 वर्षीय छोटे बेटे सुदीप ने हाल ही में भोपाल में 5 से 8 जनवरी तक आयोजित 14वीं ड्रैगन बोट सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कम उम्र में यह उपलब्धि उसकी असाधारण प्रतिभा और कठोर मेहनत का प्रमाण है।

**माँ नर्मदा और सिंगाजी की छाया में निखरी प्रतिभा–** ढिमर परिवार का जीवन शुरू से ही संघर्षपूर्ण रहा है। परिवार के पिता इंदिरा सागर बांध के बैकवॉटर में मछली पकड़ने का कार्य करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने ठेकेदार से लगभग 40 हजार रुपए का कर्ज लेकर काम शुरू किया। कर्ज चुकाने के लिए तीनों बच्चे भी ठंडे पानी में रात भर नाव चलाकर मछली पकड़ने लगे। लकड़ी से बने डोंगे और पतवार के सहारे पानी में आगे बढ़ने का यही अभ्यास आगे चलकर कयाकिंग–कैनोइंग में उनकी सबसे बड़ी ताकत बन गया। बिना किसी आधुनिक संसाधन के सीखे गए इस हुनर ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बना दिया।

**ऐसे बदली किस्मत की धारा–** खंडवा के तत्कालीन खेल अधिकारी जोसेफ बाक्सला ने इन बच्चों की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें भोपाल स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी भेजा। इसके बाद उन्हें बेंगलुरु और दिल्ली में भी प्रशिक्षण मिला। यहीं से इनके जीवन की दिशा बदल गई और वे लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय



प्रतियोगिताओं में पदक जीतने लगे।

**कावेरी 50 से अधिक पदकों के साथ नेवी अधिकारी–** परिवार की सबसे बड़ी बेटी कावेरी ने अब तक 50 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर भारतीय नौसेना में अधिकारी का पद प्राप्त किया है। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप थाईलैंड में कांस्य पदक, एशियन गेम्स (चीन), वर्ल्ड चैंपियनशिप (जर्मनी), एशियन चैंपियनशिप व ओलंपिक क्वालिफायर (जापान), उज्बेकिस्तान और थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी उपलब्धियों से प्रभावित होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की थी।

**दीपिका भी अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता–** छोटी बहन दीपिका ने भी कम उम्र में कयाकिंग–कैनोइंग में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने थाईलैंड के रोयांग में आयोजित इंटरनेशनल कयाकिंग कैनोइंग चैंपियनशिप में सी–2 जूनियर वुमन 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। वर्तमान में कावेरी और दीपिका दोनों एशियन गेम्स की तैयारी के लिए बेंगलुरु स्थित जेएसडब्ल्यू में फिजिकल टेस्ट और उत्तराखंड के कोटेश्वर में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं।

**पूरा परिवार बना प्रेरणा की मिसाल–** मछली पकड़कर जीवन यापन करने वाला यह परिवार आज अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर पहचान बना चुका है। संघर्ष से जन्मा हुनर आज सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच चुका है। ढिमर परिवार आज न सिर्फ सिंगाजी बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणा बन गया है।

**जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई–** सुदीप की ऐतिहासिक उपलब्धि पर मंत्री कुंवर विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक नारायण पटेल, कंचन तनवे, छाया मोरे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, डीआईजी मनोज राय, राजपाल सिंह तोमर, समाजसेवी सुनील जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

● हरदा में अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ

# इंदौर के 37 बच्चे हुए शामिल



**अनोखा तीर, हरदा।**

विकसित भारत के तहत अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ हरदा में किया गया। जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी श्रीमती मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंदौर जिले से आए 37 बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत हरदा (म.प्र.) द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री कमल पटेल द्वारा की गई। उन्होंने इंदौर से आए बच्चों को किट प्रदान कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को हरदा जिले के इतिहास, संस्कृति, विकास कार्यों एवं सामाजिक विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने युवाओं को नेतृत्व क्षमता का विकास कैसे हो बताया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु संकल्पित

## पूर्व मंत्री कमल पटेल ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु संकल्पित होने का किया आव्हान



होने का आव्हान किया। किसी चीज को पढ़ने से ज्यादा उनको साक्षात देखने से ज्यादा सीख मिलती हैं। इस कार्यक्रम से युवाओं के अंदर सामाजिक विकास होता है और आसपास के वातावरण को देखने से माहौल का अच्छा अनुकरण मिलता है। उन्होंने बताया कि यदि शिक्षक ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो बच्चे कभी अनुशासनहीन नहीं हो सकते है। इसलिए बच्चे अपने दीर्घ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े जिससे सफलता निश्चित होगी। जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि हर व्यक्ति को एक सपना देखना चाहिए कि हमें करना क्या है और उन सपनों को पूरा करने का प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर, जिला महामंत्री बसंत राजपूत, नगर महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे, समाजसेवी नीरज गुर्जर, प्रशांत शर्मा, राहुल जाट, मयंक शर्मा, ऋषभ बैरागी, साहिल टिलोतिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को आपसी समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह कार्यक्रम 10 जनवरी से 14 जनवरी तक सीताराम पैलेस मैरिज गार्डन, हरदा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित होंगी।

# स्वच्छता परिसर में घटिया निर्माण ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

-पेयजल, बाउंड्री वाल सहित अन्य व्यवस्थाएं नदारद





**अनोखा तीर, हंडिया।**

प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब व पात्र लोगों तक पहुंचे।

ग्राम विकास की बात की जाए तो ग्राम पंचायत और जनप्रतिनिधि मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें, तो शासन की योजनाएं आमजन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती हैं। मगर ग्राम पंचायत हीरापुर में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। ग्राम पंचायत हीरापुर की पहाड़ी पर बनाए गए सुलभ स्वच्छता परिसर की स्थिति शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। बरसों पहले निर्मित इस स्वच्छता



परिसर में न तो शौचालय की शीट है और न ही पानी की टंकी की व्यवस्था। शौचालय के सेफ्टी टैंक का गड्ढा भी खुला पड़ा हुआ है। यही हाल सामुदायिक स्वच्छता शौचालय भवन का है, जहां सुविधाओं के अभाव के चलते आज भी ताला लटका हुआ है। इससे दिव्यांगजन सहित ग्रामीण इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर में न तो पेयजल की कोई व्यवस्था है और न ही भवन के ऊपर प्लास्टिक की टंकी लगी है। ऐसे में लोग शौचालय का उपयोग कैसे करें। वहीं सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा तालाबंदी कर रखी गई है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जोगा वन ग्राम में नर्मदा किनारे आने वाली बाढ़ के दौरान यह क्षेत्र डूब जाता है, इसके बावजूद वहां ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय भवन का निर्माण कराया गया है, जो बाढ़ के समय उपयोग के योग्य नहीं रहता।

# रामलीला : राम-भरत मिलाप देख दर्शकों की आंखें हुईं नम

**अनोखा तीर, बालागांव।** ग्राम बालागांव स्थित भगवान बालेश्वर धाम में श्री शिव शक्ति युवा रामलीला मंडल समिति के तत्वावधान में शंकर मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला मंडल के युवाओं द्वारा राम–भरत मिलाप का अत्यंत रोचक और भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन में बालागांव के युवा कलाकारों ने रामचरितमानस के आधार पर अपनी कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दृश्य में दिखाया गया कि राजकुमार भरत अपने बड़े भाई प्रभु श्रीराम से मिलने के लिए आतुर हैं और इसी कारण वे अपनी सेना के अग्रिम पंक्ति में चल रहे हैं। उनके साथ तीनों माताएं, कुलगुरु, महाराज जनक एवं अन्य श्रेष्ठजन भी उपस्थित रहते हैं। सभी प्रभु श्रीराम को वापस अयोध्या ले जाने के उद्देश्य से वन में आते हैं। जैसे ही राजकुमार भरत अपने बड़े भाई श्रीराम के दर्शन करते हैं, वे उनके चरणों में गिरकर दंडवत प्रणाम करते हैं। उनकी आंखों से अविरल अश्रुधारा बहने लगती है। प्रभु श्रीराम भी दौड़कर भरत को उठाते हैं और उन्हें गले से लगा लेते हैं। दोनों भाइयों का यह मिलन इतना मार्मिक होता है कि मंच पर ही नहीं, बल्कि दर्शकदीर्घा में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो जाती हैं। इसके पश्चात राजकुमार भरत अपने पिता महाराज दशरथ के निधन का समाचार प्रभु श्रीराम को देते हैं, जिसे सुनकर श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण अत्यंत दुखी हो जाते हैं। मंचन में आगे दिखाया गया कि प्रभु श्रीराम नदी तट पर अपने पिता महाराज दशरथ को विधि–विधान से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और अंजुरी में जल लेकर तर्पण करते हैं। राम–भरत मिलाप का यह दृश्य इतना भावनात्मक था कि उसे देखकर श्रद्धालुओं की रूह तक कांप उठी। कड़कती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में श्री शिव शक्ति युवा रामलीला मंडल समिति द्वारा रामलीला देखने आए समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।





